गणित

कक्षा XI के लिए पाठ्यपुस्तक

भाग I
(प्रथम सत्र)

लेखक

अनूप राजपूत
जी.डी. ढल
हुकुम सिंह
एम.ए. पठान
मोहन लाल
पी.के. जैन
राम अवतार
एस.के. कौशिक
एस.के. भाम्बरी
एस.के.एस. गौतम
सुरजा कुमारी
वी.पी. सिंह

रूपान्तरणकर्ता

आर.एस. लाल
प्रभाकर मिश्रा
सुमत कुमार जैन

संपादक

हुकुम सिंह
राम अवतार
वी.पी. सिंह

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

प्रथम संस्करण
सितम्बर 2002
भाद्रपद 1924

PD 5T BB

ISBN 81-7450-049-9

© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, 2002

सर्वाधिकार सुरक्षित

- प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भाग को छापना तथा इलेक्ट्रॉनिकी, मशीनी, फोटोप्रतिलिपि, रिकॉर्खडंग अथवा किसी अन्य विधि से पुनः प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रसारण वर्जित है।
- इस पुस्तक कि बिक्री इस शर्त के साथ की गई है कि प्रकाशक की पूर्व अनुमति के बिना यह पुस्तक अपने मूल आवरण अथवा जिल्द के अलावा किसी अन्य प्रकार से व्यापार द्वारा उधारी पर, पुनर्विक्रय या किराए पर न दी जाएगी, न बेची जाएगी।
- इस प्रकाशन का सही मूल्य इस पृष्ठ पर मुद्रित है। रबड़ की मुहर अथवा चिपकाई गई पर्ची (स्टिकर) या किसी अन्य विधि द्वारा अंकित कोई भी संशोधित मूल्य गलत है तथा मान्य नहीं होगा।

एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशन विभाग के कार्यालय

एन.सी.ई.आर.टी. कैम्पस	108, 100 फीट रोड, होस्डेकेरे	नवजीवन ट्रस्ट भवन	सी.डब्लू.सी. कैम्पस
श्री अरविंद मार्ग	हेली एक्सटेंशन बनाशंकरी III इस्टेज	डाकघर नवजीवन	32, बी.टी. रोड, सुखचर
नई दिल्ली 110 016	**बैंगलूर 560 085**	**अहमदाबाद 380 014**	**24 परगना 743 179**

प्रकाशन सहयाग

संपादन : बिनॉय बैनर्जी
उत्पादन : प्रमोद रावत
राजेन्द्र चौहान
सज्जा : अमित श्रीवास्तव
आवरण : शशी भट्ट

रु. 70.00

एन. सी. ई. आर. टी. वाटर मार्क 70 जी एस एम पेपर पर मुद्रित

प्रकाशन विभाग में सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली 110 016 द्वारा प्रकाशित तथा अरावली प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स (प्रा.) लि., W-30, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेस II, नई दिल्ली 110 020 द्वारा मुद्रित।

प्राक्कथन

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् विगत चार दशकों से पाठ्चर्या के नवीनीकरण तथा विकास के क्षेत्र में कार्यरत रही है। इसी दिशा में किये जा रहे प्रयासों की श्रृंखला में परिषद् ने हाल ही में विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2000) का प्रकाशन किया जिसके अन्तर्गत पाठ्यक्रम सम्बन्धी विभिन्न संदर्भों तथा महत्वपूर्ण पक्षों पर ध्यान दिया गया है। इस नीतिगत दस्तावेज में विज्ञान तथा गणित की शिक्षा–पद्धति में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया है। इसी संदर्भ में परिषद् ने उच्चतर माध्यमिक स्तर पर गणित विषय की शिक्षा–पद्धति में सुधार हेतु नया पाठ्यक्रम तथा मार्गदर्शक सिद्धान्त तैयार किये जो छात्रों के विभिन्न वर्गों की अपेक्षाओं तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाये गये हैं। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अनुसार पाठ्यक्रम को चार सत्रों में पढ़ाया जाना है। प्रथम सत्र में 11 अध्याय हैं जो कि अनिवार्य हैं। शेष तीन सत्रों को A, B, तथा C भागों में विभक्त किया गया है। भाग A सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है तथा भाग B एवं भाग C ऐच्छिक हैं जिनमें से किसी एक का चुनाव विद्यार्थी विज्ञान तथा गैर विज्ञान की पृष्ठभूमि को आधार बनाकर अपने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कर सकते हैं। इस प्रकार कोई भी छात्र इस पद्धति में अपनी रूचि के अनुसार भाग A और B अथवा भाग A और C में से किसी एक विकल्प का चयन कर सकता है। सत्र I और II के पाठ्यक्रम कक्षा XI के छात्रों को तथा सत्र III और IV के पाठ्यक्रम कक्षा XII के छात्रों को पढ़ाये जायेंगे।

इस पाठ्यक्रम का प्रथम प्रारूप एक लेखक मंडल द्वारा तैयार किया गया जिसके कुछ सदस्य परिषद् में कार्यरत हैं तथा अन्य बाह्य संस्थाओं से संबंधित हैं। इसके पश्चात् इस प्रारूप को मूल्यांकन और समीक्षा हेतु एक कार्यशाला में अनेक विशेषज्ञों तथा अध्यापकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिनके द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण सुझावों को इस प्रारूप में समायोजित किया गया। अन्ततः प्रकाशन से पूर्व पुस्तक की पांडुलिपि को विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा संपादित किया गया।

लेखक मंडल ने उच्चतर माध्यमिक स्तर पर परिषद् द्वारा प्रकाशित पिछली गणित की पुस्तकों को संदर्भ में लिया है तथा इन पुस्तकों का उपयोग करने वालों से प्राप्त सुझावों का समुचित उपयोग करने का भी प्रयास किया है। मैं लेखक मंडल के सभी सदस्यों, मूल्यांकन हेतु आयोजित कार्यशाला में सम्मिलित सभी अध्यापकों एवं विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण योगदान तथा

सुझावों के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। विशेष रूप से मैं लेखक मंडल के अध्यक्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. पवन कुमार जैन के प्रति कृतज्ञ हूँ जिनके कुशल शैक्षिक मार्ग–दर्शन में यह कार्य सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् इस पुस्तक में भावी संशोधन तथा परिष्कार हेतु पाठकों के महत्वपूर्ण सुझावों तथा परामर्शों का स्वागत करती है।

जे.एस. राजपूत
निदेशक
राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

नई दिल्ली
जुलाई 2002

प्रस्तावना

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा उच्चतर माध्यमिक स्तर पर गणित विषय से सम्बन्धित नये दिशानिर्देश तथा पाठ्यक्रम 2001 के अनुरूप पाठ्यपुस्तक तैयार करने के उद्देश्य से एक लेखक मंडल का गठन किया गया। इस मंडल के सदस्यों द्वारा गहन चिंतन तथा व्यापक योजना के आधार पर एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

गहन अध्ययन–विश्लेषण के उपरांत इस लेखक मंडल के विशेषज्ञों द्वारा इस परियोजना का प्रथम प्रारूप तैयार किया गया जिसमें परिषद् की ओर से प्रो. हुकुम सिंह, प्रो. सुरजा कुमारी, डा. राम अवतार, डा. वी.पी. सिंह, डा. एस.के.एस. गौतम, डा. अनूप राजपूत तथा डा. एम.ए. पठान, श्री मोहन लाल, श्री जी.डी. ढल, डा. एस.के. कौशिक, डा. एस.के. भाम्बरी बाह्य विशेषज्ञ के रूप में मेरे सहयोगी थे। इसके उपरान्त अनेक बैठकों में इस प्रारूप पर विभिन्न बिन्दुओं पर गहन विचार विमर्श किया गया। इसके पश्चात् एक राष्ट्रीय कार्यशाला में गठित विषय के अनुभवी अध्यापकों तथा विशेषज्ञों के समक्ष इस प्रारूप को समीक्षा एवं मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत किया गया। इस कार्यशाला में सामने उभर कर आये महत्वपूर्ण सुझावों एवं परामर्शों को इस परियोजना के द्वितीय प्रारूप में समायोजित किया गया, जिसका परिष्कृत रूप आपके समक्ष पुस्तक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

इस पुस्तक की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता जो विशेषरूप से उल्लेखनीय है – वह यह है कि इस पुस्तक की सामग्री को हमने अनेक सरल उदाहरणों तथा अभ्यास प्रश्नों के माध्यम से सरल–सुबोध बनाने का प्रयास किया है। गणित की अनेक संकल्पनाओं तथा अवधारणाओं को छात्रोपयोगी बनाने की दिशा में हमने इन संकल्पनाओं तथा अवधारणाओं के व्यवहारिक प्रयोग भी प्रस्तुत किये हैं। यह प्रयास गणित की उपयोगिता को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत करेगा और उनमें गणित के प्रति रुचि उत्पन्न करने में प्रेरणादायक होगा। इस पुस्तक में चयनित पाठ्य सामग्री छात्रों की विभिन्न क्षमताओं तथा अपेक्षाओं के अनुरूप सिद्ध होगी।

इस पुस्तक की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा विशेषताएँ निम्न हैं –

1. प्रत्येक अध्याय का आरम्भ विषय के संक्षिप्त परिचय से किया गया है जो छात्रों में विषय के प्रति रुचि जाग्रत करने तथा उसका संवर्धन करने में सहायक है।

2. इस पुस्तक में 600 से भी अधिक उदाहरण तथा 250 के लगभग आकृतियाँ दी गई हैं जो सामान्यतः अन्य पुस्तक में दृष्टिगोचर नहीं होती।

3. इस पुस्तक में 1700 अभ्यास प्रश्न दिये गये हैं जो सिद्धांत तथा व्यवहार दोनों पक्षों पर समान रूप से बल देते हैं इसके साथ ही प्रत्येक अध्याय के अंत में विविध प्रश्नावली शीर्षक के अन्तर्गत मिश्रित प्रश्न दिये गये हैं।

4. इस पुस्तक में अनुप्रयोगों से संबंधित अनेक प्रश्न भी प्रस्तुत किये गये हैं।

5. अधिकांशतः सभी अध्याय ऐतिहासिक टिप्पणियों के साथ समाप्त होते हैं। ये टिप्पणियाँ पुस्तक को रूचिकर बनाने में तो सहायक है ही, प्रस्तुत विषय–सामग्री की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा महत्व को भी रेखांकित करती है।

मैं विशेष रूप से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के निदेशक प्रो. जे.एस. राजपूत का आभारी हूँ जिन्होंने इस पुस्तक के निर्माण हेतु इस लेखक मंडल का गठन किया तथा मुझे इस कार्य में सहभागिता का निमंत्रण देकर गणित की शिक्षा पद्धति में संशोधन करने का अवसर प्रदान किया। इस चुनौतीपूर्ण कार्य को संपन्न करने में उनके द्वारा प्रदत्त स्वस्थ वातावरण तथा अनुकूल परिस्थितियों ने आनंददायक बनाया।

इसके साथ ही मैं इस पुस्तक के लेखक मंडल के समस्त सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने अपना मूल्यवान समय देकर पुस्तक को तैयार किया। उन शिक्षकों तथा विशेषज्ञों का भी मैं हृदय से आभारी हूँ जिनके सुझाव हमें समय–समय पर प्राप्त होते रहे। परिषद् के संयुक्त निदेशक प्रो. एम.एस. खापर्डे, विज्ञान एवं गणित शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. आर.डी. शुक्ल का भी मैं हृदय से आभारी हूँ जिनका बहुमूल्य सहयोग मुझे तथा लेखक मंडल को सदैव प्राप्त होता रहा।

मैं विशेष रूप से आभारी तथा ऋणी हूँ लेखक मंडल के संयोजक प्रो. हुकुम सिंह का जिनके सहयोग तथा समन्वय के बिना इस परियोजना का पूर्ण होना संभव नहीं था। उन्होंने एक कुशल संयोजक के रूप में इस कार्य के निर्वाह में सक्रिय तथा सृजनात्मक भूमिका का निर्वाह किया। मैं प्रो. सुरजा कुमारी, डा. राम अवतार, डा. वी.पी. सिंह, डा. एस.के.एस. गौतम तथा डा. अनूप राजपूत के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस ग्रंथ की प्रकाशन योग्य पांडुलिपि तैयार करने में अथक परिश्रम किया।

इस पाठ्यपुस्तक का हिन्दी रूपान्तरण प्रो. आर.एस. लाल, प्रो. प्रभाकर मिश्र और श्री सुमत कुमार जैन ने किया है। हिन्दी पांडुलिपि का विषय संपादन प्रो. हुकुम सिंह, डा. राम अवतार और डा. वी.पी. सिंह ने किया। मैं इन सभी का आभारी हूँ।

इसके अतिरिक्त मैं कंप्यूटर सहायक श्री नरेन्द्र कुमार के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त करता हूँ जिन्होंने हस्तलिखित सामग्री को टंकित किया।

इस पुस्तक में हम संशोधन–सुधार के लिए पाठकों के अमूल्य सुझावों का स्वागत करेंगे।

पवन कुमार जैन
अध्यक्ष
लेखक दल

लेखक और प्रतिभागी
पाठ्यपुस्तक के विकास और समीक्षा हेतु कार्यशाला

प्रो. पी.के. जैन (अध्यक्ष)
गणित विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

ए.एस. मिश्रा
पी.जी.टी.
जवाहर नवोदय विद्यालय, डाभासेमर
फैजाबाद, उत्तर प्रदेश

अनीता शर्मा
पी.जी.टी.
हन्स राज मॉडल स्कूल
पंजाबी बाग, नई दिल्ली

आशा मिश्रा
पी.जी.टी.
केन्द्रीय विद्यालय
आई.आई.टी. कल्यानपुर
कानपुर, उत्तर प्रदेश

जी.डी. ढल
अवकाश प्राप्त रीडर (एन सी ई आर टी)
के–171, एल.आई.सी. कालोनी
पश्चिम विहार, नई दिल्ली

ज्योती दास
प्रोफेसर गणित विभाग
कलकत्ता विश्वविद्यालय,
कोलकाता

के.एस. मान्गवानी
लेक्चरर
राजकीय मॉडल स्कूल, टी.टी. नगर
भोपाल, मध्य प्रदेश

एम.ए. पठान
प्रोफेसर गणित विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
अलीगढ़, उत्तर प्रदेश

मिलिन्द मनोहर खचोने
पी.जी.टी.
डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल
गुड़गांव, हरियाणा

मोहन लाल
(अवकाश प्राप्त प्राचार्य)
डी.ए.वी. कालेज मैनेजमेंन्ट कमेटी
ई–182, राजिन्दर नगर, नई दिल्ली

एन.के. चौहान
पी. जी. टी.
केन्द्रीय विद्यालय
जे. एन. यू. कैम्पस, नई दिल्ली

पी. के. तिवारी
अवकाश प्राप्त सहायक कमिश्नर
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
फ्लैट नं. O-460, जलवायु विहार
सेक्टर 30, गुड़गांव, हरियाणा

पूरन सिंह
पी.जी.टी.
जवाहर नवोदय विद्यालय, जटरोड़ा
सवाई माधोपुर, राजस्थान

आर.एस. गर्ग
पी.जी.टी.
केन्द्रीय विद्यालय, मुराद नगर
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

सस्मिता मिश्र
पी.जी.टी.
केन्द्रीय विद्यालय, रायवाला
देहरादून, उत्तरांचल

शालनी दीक्षित
पी.जी.टी.
केन्द्रीय विद्यालय, न्यू कैंट
इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश

शारदा रानी
पी.जी.टी.
सी.एल. भल्ला दयानन्द मॉडल स्कूल
झंडेवालान, करोलबाग, नई दिल्ली

सुशीला गर्ग
पी.जी.टी.
सर्वोदय विद्यालय, जोरबाग
नई दिल्ली

एस.के. भाम्बरी
रीडर, किरोड़ीमल कालेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

एस.के. कौशिक
रीडर, किरोड़ीमल कालेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

यू.वी. तिवारी
प्रोफेसर, गणित विभाग
आई.आई.टी. कानपुर, उत्तर प्रदेश

एन.सी.ई.आर.टी. संकाय

अनूप राजपूत
के.ए.एस.एस.वी.कामेश्वर राव
महेन्द्र शंकर
राम अवतार
आर.पी. मौर्या
एस.के.एस. गौतम
वी.पी. सिंह
(श्रीमती) सुरजा कुमारी
हुकुम सिंह **(संयोजक)**

रूपान्तरणकर्ता और प्रतिभागी
पाठ्यपुस्तक का हिन्दी रूपान्तरण एवं समीक्षा हेतु कार्यशाला

आर.एस. गर्ग
पी.जी.टी., केन्द्रीय विद्यालय, मुरादनगर,
उत्तर प्रदेश

आर.एस. चौहान
अवकाश प्राप्त प्रोफेसर
ए–35, कस्तूरबा नगर, भोपाल
मध्य प्रदेश

रविन्दर सिंह पवांर
पी.जी.टी.
एम.बी.डी.ए.वी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
यूसूफ सराय, नई दिल्ली

रमाशंकर लाल
(अवकाश प्राप्त प्रोफेसर एवं अध्यक्ष)
गणित विभाग
डी.ए.वी.पी.जी. कालेज, सिवान
बिहार

प्रभाकर मिश्रा
बी–18, गोविन्दपुर कालोनी, इलाहाबाद
उत्तर प्रदेश

जी.डी. ढल
के–171, एल.आई.सी. कालोनी
पश्चिम विहार, नई दिल्ली

वेद डुडेजा
उप प्राचार्य
राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय
सैनिक विहार, दिल्ली

सुमत कुमार जैन
लेक्चरर, गणित
के.एल. जैन इंटर कालेज, ससनी
हाथरस, उत्तर प्रदेश

आर.पी. गिहारे
लेक्चरर, राजकीय कन्या उच्चतर
माध्यमिक विद्यालय, चिचोली, बेतुल, मध्य प्रदेश

एन.के. चौहान
पी.जी.टी., केन्द्रीय विद्यालय,
जे.एन.यू. कैम्पस, नई दिल्ली

पी.डी. चतुर्वेदी
पी.जी.टी., केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर–2
आर.के. पुरम्, नई दिल्ली

पी.के. जैन
गणित विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

पी.के. तिवारी
अवकाश प्राप्त सहायक कमिश्नर
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
फ्लैट नं. O-460, जलवायु विहार
सेक्टर–30, गुड़गांव, हरियाणा

एन.सी.ई.आर.टी. संकाय
राम अवतार
वी.पी. सिंह
(श्रीमती) सुरजा कुमारी
हुकुम सिंह **(संयोजक)**

विषय–सूची

	प्राक्कथन	iii
	प्रस्तावना	v
1.	**समुच्चय**	**1**
	1.1 भूमिका	1
	1.2 समुच्चय और उनका निरूपण	1
	1.3 रिक्त समुच्चय	6
	1.4 परिमित और अपरिमित समुच्चय	7
	1.5 समान और तुल्य समुच्चय	8
	1.6 उप समुच्चय	11
	1.7 घात समुच्चय	12
	1.8 सार्वत्रिक समुच्चय	12
	1.9 वेन आरेख	15
	1.10 समुच्चय का पूरक	15
	1.11 समुच्चयों पर संक्रियाएँ	16
	1.12 समुच्चयों के अनुप्रयोग	24
2.	**संबंध एवं फलन**	**37**
	2.1 भूमिका	37
	2.2 समुच्चयों का कार्तीय गुणन	37
	2.3 संबंध	37
	2.4 फलन	43
	2.5 फलनों का संयोजन	52
	2.6 द्विआधारी संक्रियाएँ	58

3.	**गणितीय आगमन**	**65**
	3.1 भूमिका	65
	3.2 आगमन के लिए तैयारी	65
	3.3 गणितीय आगमन सिद्धान्त	66
4.	**लघुगणक**	**73**
	4.1 भूमिका	73
	4.2 लघुगणक	73
	4.3 लघुगणकों के नियम	76
	4.4 साधारण लघुगणक	79
	4.5 पूर्णांश और अपूर्णांश	82
	4.6 लघुणकीय सारणी	83
	4.7 प्रतिलघुगणक	85
	4.8 लघुगणक के अनुप्रयोग	87
5.	**सम्मिश्र संख्याएँ**	**97**
	5.1 भूमिका	97
	5.2 सम्मिश्र संख्याएँ	98
	5.3 सम्मिश्र संख्या का आलेखीय निरूपण	100
	5.4 सम्मिश्र संख्याओं का बीजगणित	103
	5.5 सम्मिश्र संख्याओं के कुछ गुणधर्म	112
	5.6 सम्मिश्र संख्याओं का ध्रुवीय रूप	116
	5.7 सम्मिश्र संख्याओं के घात तथा मूल	122
6.	**रैखिक असमीकरण**	**131**
	6.1 भूमिका	131
	6.2 असमीकरण	131
	6.3 एक चर राशि के रैखिक असमीकरणों के हल	132
	6.4 एक चर राशि के रैखिक असमीकरण निकाय का हल	138
	6.5 दो चर राशियों के रैखिक असमीकरणों का आलेखीय हल	142
	6.6 दो चर राशियों के असमीकरण निकाय का हल	149
	6.7 अनुप्रयोग	131

7.	**द्विघातीय समीकरण**	**167**
	7.1 भूमिका	167
	7.2 वास्तविक गुणांकों वाले द्विघातीय समीकरण	168
	7.3 मूलों तथा गुणांकों में सम्बन्ध	172
	7.4 मूलों के सममित फलन	177
	7.5 द्विघातीय रूप में परिवर्तित किए जा सकने वाले समीकरण	182
	7.6 अनुप्रयोग	188
8.	**अनुक्रम और श्रेणी**	**201**
	8.1 भूमिका	201
	8.2 अनुक्रम	201
	8.3 समान्तर श्रेढ़ी	205
	8.4 गुणोत्तर श्रेढ़ी	216
	8.5 समान्तर–गुणोत्तर अनुक्रम	228
	8.6 विशेष अनुक्रमों के n पदों तक योग निकालना	230
	8.7 हरात्मक श्रेढ़ी	235
	8.8 दो धनात्मक वास्तविक संख्याओं के A.M., G.M. तथा H.M. में परस्पर सम्बन्ध	236
	8.9 अनुप्रयोग	237
9.	**त्रिकोणमितीय फलन**	**247**
	9.1 भूमिका	247
	9.2 कोण	247
	9.3 त्रिकोणमितीय फलन या वृत्तीय फलन	253
	9.4 योग और अन्तर के त्रिकोणमितीय फलन	260
	9.5 अपवर्त्य एवं उपअपवर्त्य कोणों के त्रिकोणमितीय फलन	269
	9.6 त्रिभुज के कोणों से सम्बन्धित, सप्रतिबन्ध सर्वसमिकायें	277
	9.7 त्रिकोणमितीय फलनों का आलेख (ग्राफ)	280
	9.8 त्रिकोणमितीय फलन की सारणी	285

10.	**कार्तीय समकोणिक निर्देशांक निकाय**	**293**
	10.1 भूमिका	293
	10.2 कार्तीय निर्देशांक निकाय	294
	10.3 दूरी सूत्र	297
	10.4 विभाजन सूत्र	301
	10.5 त्रिभुज का क्षेत्रफल	309
	10.6 रेखा की प्रवणता	313
	10.7 निर्देशांक्षों पर एक रेखा के अन्तः खण्ड	318
	10.8 बिन्दुपथ और इसका समीकरण	319
11.	**सरल रेखा और सरल रेखा–कुल**	**327**
	11.1 भूमिका	327
	11.2 रेखा के समीकरण के अनेक रूप	327
	11.3 रेखाओं का प्रतिच्छेदन	345
	11.4 दो रेखाओं के बीच का कोण	350
	11.5 एक बिन्दु की एक रेखा से दूरी	353
	11.6 दो रेखाओं के बीच के कोणों के अर्द्धकों के समीकरण	357
	11.7 रेखा–कुल	361
	11.8 निर्देशाक्षों का स्थानान्तरण	367
सारणी I – लघुगणक		**377**
सारणी II – प्रतिलघुगणक		**379**
सारणी III – त्रिकोणमितीय फलन		**381**
उत्तरमाला		**388**

समुच्चय (SETS)

अध्याय 1

1.1 भूमिका

समुच्चय की संकल्पना गणित की सभी शाखाओं की आधारभूत है। संबंधों एवं फलनों, अनुक्रमों, ज्यामिति, प्रायिकता सिद्धांत इत्यादि की आधारशिला में इसका विशेष महत्व प्रमाणित हो चुका है। समुच्चयों के अध्ययन के अनेक अनुप्रयोग तर्कशास्त्र, दर्शनशास्त्र इत्यादि में हैं।

जर्मनी के गणितज्ञ जार्ज केन्टर (Georg Cantor) (1845-1918 A.D.) ने समुच्चय सिद्धान्त को विकसित किया था। सर्वप्रथम त्रिकोणमितीय श्रेणी की समस्याओं पर कार्य करते समय उनका समुच्चय से परिचय हुआ। इस अध्याय में हम समुच्चय से संबंधित कुछ मूलभूत परिभाषाओं और संक्रियाओं की चर्चा करेंगे।

1.2 समुच्चय और उनका निरूपण (Sets and Their Representations)

जीवन में प्रतिदिन हम विशेष प्रकार की वस्तुओं के समूह यथा ताश की गड्डी, जानवरों का झुण्ड, व्यक्तियों की भीड़, क्रिकेट–टीम इत्यादि के बारे में प्रायः चर्चा करते हैं। गणित में भी हम विभिन्न समूहों, उदाहरणतः प्राकृत संख्याओं के समूह, समतल के बिन्दुओं का समूह, अभाज्य संख्याओं के समूह, पर विचार करते हैं। विशेष रूप से हम निम्न समूहों का परीक्षण करते हैं:

(i) 10 से कम विषम प्राकृत संख्याएँ अर्थात् 1,3,5,7,9,

(ii) भारत की नदियाँ,

(iii) अंग्रेजी वर्णमाला के स्वर अर्थात् $a,e,i,o,u,$

(iv) 210 के अभाज्य गुणनखंड, अर्थात् 2,3,5 तथा 7,

(v) समीकरण $x^2 - 5x + 6 = 0$ के हल अर्थात् 2 तथा 3,

हम ध्यान देते हैं कि उपर्युक्त संग्रहों में से प्रत्येक में वस्तुओं का सुपरिभाषित *(well defined)* संग्रह है जिसका अर्थ है कि हम निश्चयपूर्वक यह निर्णय कर सकते हैं कि दी हुई वस्तु समुच्चय का सदस्य है या नहीं है। उदाहरणतः 'नील नदी' भारत की नदियों के समूह का सदस्य नहीं है जब कि दूसरी ओर गंगा नदी इस समूह का सदस्य है।

तथापि निम्नलिखित समूह सुपरिभाषित नहीं है।

(i) एक विद्यालय की ग्यारहवीं कक्षा के प्रतिभाशाली छात्रों का समूह।
(ii) विश्व के प्रसिद्ध गणितज्ञों का समूह।
(iii) विश्व की सुन्दर लड़कियों का समूह।
(iv) मोटे व्यक्तियों का समूह।

उदाहरण के लिए (ii) में प्रसिद्ध गणितज्ञों के निर्णय करने की कसौटी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के लिए भिन्न–भिन्न हो सकती है। अतः यह एक सुपरिभाषित संग्रह नहीं है।

इस प्रकार *समुच्चय वस्तुओं का सुपरिभाषित संग्रह* है। निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें:

(i) समुच्चय की वस्तुएँ, अवयव तथा सदस्य पर्यायवाची शब्द हैं। ये अपरिभाषित हैं।
(ii) प्रायः समुच्चय को अंग्रेजी वर्णमाला के बड़े अक्षरों यथा A, B, C, X, Y, Z इत्यादि से निरूपित किया जाता है।
(iii) समुच्चय के अवयवों को अंग्रेजी वर्णमाला के छोटे अक्षरों यथा a, b, c, x, y, z इत्यादि से प्रदर्शित किया जाता है।

यदि a, समुच्चय A का अवयव है, हम कहते हैं कि 'a समुच्चय A में हैं' (a belongs to A) वाक्यांश 'सदस्य है' या' 'में है' को यूनानी प्रतीक "$\in$" से निरूपित करते हैं। इस प्रकार हम $a \in$ A लिखते हैं। यदि b, समुच्चय A का अवयव नहीं है, हम $b \notin$ A लिखते हैं, तथा इसे "b समुच्च्य A में नहीं है" (b does not belong to A) पढ़ते हैं। इस प्रकार अंग्रेजी वर्णमाला के स्वरों के समुच्चय V में, $a \in$ V परन्तु $l \notin$ V. 30 के अभाज्य गुणनखण्डों के समुच्चय P में, $3 \in$ P परन्तु $15 \notin$ P.

समुच्चय को निरूपित करने की दो विधियाँ हैं :

(i) रोस्टर (Roster) या सारणीबद्ध रूप (Tabular Form)
(ii) समुच्चय निर्माण रूप (Set builder form)

(i) रोस्टर रूप में, समुच्चय के सभी अवयवों को सूचीबद्ध किया जाता है, अवयवों को अर्द्ध विराम (comma) से पृथक किया जाता है तथा सभी को मझलें कोष्ठक { } में रखते हैं। उदाहरणतः, 7 से छोटे सभी सम पूर्णांकों के समुच्चय को रोस्टर रूप में $\{2, 4, 6\}$ द्वारा व्यक्त करते हैं। समुच्चय को रोस्टर रूप में प्रदर्शित करने के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं :

(a) $\{1, 2, 3, 6, 7, 14, 21, 42\}$ उन सभी प्राकृत संख्याओं का समुच्चय है, जो 42 के भाजक हैं। ध्यान दीजिए कि रोस्टर रूप में अवयवों को सूचीबद्ध करने में क्रम का महत्व नही है। इस प्रकार, उपर्युक्त समुच्चय को $\{1, 3, 7, 21, 2, 6, 14, 42\}$ द्वारा भी प्रदर्शित कर सकते हैं।

(b) $\{a,e,i,o,u\}$ अंग्रेजी वर्णमाला के सभी स्वरों का समुच्चय है।

(c) विषम प्राकृत संख्याओं का समुच्चय $\{1,3,5,\ldots\}$ द्वारा प्रदर्शित है। अन्त के तीन बिन्दु बताते हैं कि यह सूची अन्तहीन है।

यह ध्यान रखना होगा कि समुच्चय को रोस्टर रूप में लिखते समय एक अवयव की प्रायः पुनरावृत्ति नहीं की जाती है अर्थात सभी अवयव भिन्न भिन्न लिए जाते हैं। उदाहरणतः {S,C,H,O,L}उन सभी अक्षरों का समुच्चय है, जिनसे "SCHOOL" बनता है।

(ii) समुच्चय निर्माण रूप में, समुच्चय के सभी अवयवों में एक सर्वनिष्ठ गुणधर्म होता है जो समुच्चय के बाहर के किसी अवयव में नहीं होता है। उदाहरणतः समुच्चय "$\{a,e,i,o,u\}$" के सभी अवयवों में एक सर्वनिष्ठ गुणधर्म है, कि उनमें से प्रत्येक अवयव अंग्रेजी वर्णमाला का एक स्वर है और इस गुणधर्म वाला अन्य कोई अक्षर नहीं है। इस समुच्चय को V से निरूपित करते हुए, हम V = {x : x अंग्रेजी वर्णमाला का एक स्वर है } लिखते हैं।

यह ध्यान रखना होगा कि हम समुच्चय के अवयवों के लिए चर x का प्रयोग करके समुच्चय का वर्णन करते हैं (x के स्थान पर किसी अन्य चर जैसे y, z इत्यादि का भी प्रयोग किया जा सकता है।) कोलन (:) चिह्न के बाद समुच्चय के अवयवों के विशिष्ट गुणधर्म को लिखते हैं और तब सम्पूर्ण वर्णन को कोष्ठक { } में कोष्ठबद्ध करते हैं। समुच्चय V के उपर्युक्त वर्णन को पढ़ेंगे "सभी x का समुच्चय जहाँ x अंग्रेजी वर्णमाला का एक स्वर है"। इस वर्णन में कोष्ठक सभी x का समुच्चय, कोलन (:) "जहाँ" (such that) के लिए प्रयुक्त है।

उदाहरणतः, समुच्चय A = {x : x एक प्राकृत संख्या है और $3 < x < 10$} के वर्णन को निम्न प्रकार पढ़ा जाता है। "सभी x का समुच्चय जहाँ x एक प्राकृत संख्या है और $3 < x < 10$". अतः संख्याएँ 4,5,6,7,8 और 9 समुच्चय A के सदस्य हैं।

यदि हम रोस्टर रूप में उपर्युक्त (a), (b) और (c) में वर्णित समुच्चयों को क्रमशः A, B, C से निरूपित करें, तो A, B, C को समुच्चय निर्माण रूप में निम्नलिखित ढ़ंग से निरूपित किया जा सकता है।

A = {x : x एक प्राकृत संख्या है जो 42 की भाजक है}

B = {y : y अंग्रेजी वर्णमाला का एक स्वर है }

C = {z : z एक विषम प्राकृत संख्या है }

उदाहरण 1 अंग्रेजी वर्णमाला के उन सभी स्वरों का समुच्चय लिखिए जो q के पूर्ववर्ती हैं।

हल q के पूर्ववर्ती स्वर a,e,i,o हैं। इस प्रकार A = $\{a,e,i,o\}$ अंग्रेजी वर्णमाला के उन सभी स्वरों का समुच्चय है जो q के पूर्ववर्ती हैं।

उदाहरण 2 सभी धन पूर्णांकों का समुच्चय लिखिए जिनके घन विषम हैं।

हल एक सम पूर्णांक का घन भी सम पूर्णांक होता है। इसलिए, अभीष्ट समुच्चय के सदस्य सम नहीं हो सकते तथा एक विषम संख्या का घन विषम होता है। इसलिए, अभीष्ट समुच्चय के सदस्य सभी धन विषम पूर्णांक हैं। अतः समुच्चय निर्माण रूप में इसे $\{x : x$ एक धन विषम पूर्णांक है$\}$ या समानरूप से $\{2k + 1 : k \geq 0, k$ एक धन पूर्णांक है$\}$ लिखते हैं।

उदाहरण 3 समुच्चय निर्माण रूप में ऐसी वास्तविक संख्याओं को लिखिए जिन्हें दो पूर्णांको के भागफल के रूप में नहीं लिखा जा सकता है।

हल हम देखते हैं कि अभीष्ट संख्याएँ परिमेय संख्याएँ नहीं हो सकतीं क्योंकि एक परिमेय $\frac{p}{q}$ रूप की संख्या है जहाँ p, q पूर्णांक हैं और $q \neq 0$। इस प्रकार, ये सभी संख्याएँ वास्तविक तथा अपरिमेय होनी चाहिए। अतः समुच्चय निर्माण रूप में इस समुच्चय को $\{x : x$ वास्तविक तथा अपरिमेय संख्या है$\}$ लिखा जाता है।

उदाहरण 4 समुच्चय $\left\{\frac{1}{2}, \frac{2}{3}, \frac{3}{4}, \frac{4}{5}, \frac{5}{6}, \frac{6}{7}\right\}$ को समुच्चय निर्माण रूप में लिखिए।

हल दिये समुच्चय के प्रत्येक सदस्य में हर अंश से एक अधिक है तथा अंश 1 से प्रारम्भ होता है और 6 से अधिक नहीं है। अतः दिये हुए समुच्चय का समुच्चय निर्माण रूप निम्नांकित है :

$$\left\{x : x = \frac{n}{n+1}, n \text{ एक प्राकृत संख्या है और } 1 \leq n \leq 6\right\}$$

उदाहरण 5 बाँयी ओर रोस्टर रूप में निरूपित प्रत्येक समुच्चय का दाँयी ओर समुच्चय निर्माण रूप में निरूपित समुच्चय से जोड़ा बनाइए :

(i) {L, I, T, E}	(a) $\{x : x$ एक धन पूर्णांक है तथा 18 का भाजक है$\}$
(ii) {0}	(b) $\{x : x$ एक पूर्णांक है और $x^2 - 9 = 0\}$
(iii) {1,2,3,6,9,18}	(c) $\{x : x$ एक पूर्णांक है और $x + 1 = 1\}$
(iv) {3, –3}	(d) $\{x : x$ शब्द LITTLE का एक अक्षर है$\}$

हल चूँकि (d) में, शब्द LITTLE में छः अक्षर हैं और दो अक्षर T और L की पुनरावृत्ति हुई है, इसलिए (i) तथा (d) का जोड़ा बना। उसी प्रकार, (ii) का (c) से जोड़ा बनता है क्योंकि $x + 1 = 1$ का अर्थ है $x = 0$ तथा 1, 2, 3, 6, 9, 18 सभी 18 के भाजक हैं, इसलिए, (iii) का (a) से जोड़ा बना। अन्त में, $x^2 - 9 = 0$ का अर्थ है $x = 3, -3$, इसलिए (iv) का (b) से जोड़ा बना।.

उदारहण 6 समुच्चय $\{x : x$ एक धन पूर्णांक है और $x^2 < 40\}$ को रोस्टर रूप में लिखिए।

हल अभीष्ट संख्याएँ 1, 2, 3, 4, 5, 6 हैं। इसलिए, रोस्टर रूप में दिया समुच्चय {1, 2, 3, 4, 5, 6} है।

प्रश्नावली 1.1

1. निम्नलिखित में कौन से समुच्चय हैं? अपने उत्तर का औचित्य बताइए ।
   (i) J अक्षर से प्रारम्भ होने वाले वर्ष के सभी महीनों का समूह।
   (ii) भारत के अत्यधिक प्रतिभाशाली लेखकों का समूह।
   (iii) विश्व के सर्वश्रेष्ठ ग्यारह क्रिकेट बल्लेबाजों का समूह।
   (iv) आपकी कक्षा के सभी लड़कों का समूह।
   (v) 100 से कम सभी प्राकृत संख्याओं का समूह।
   (vi) लेखक प्रेमचन्द द्वारा लिखित उपन्यासों का समूह।
   (vii) सभी सम पूर्णांकों का समूह।
   (viii) इस अध्याय के विभिन्न प्रश्नों का समूह।
   (ix) विश्व के सबसे अधिक खतरनाक जानवरों का समूह।

2. मान लीजिए $A = \{1,2,3,4,5,6\}$। रिक्त स्थानों में उपयुक्त प्रतीक $\in$ या $\notin$ को रखिए :
   (i) 5 — A (ii) 8 — A (iii) 0 — A
   (iv) 4 — A (v) 2 — A (vi) 10 — A

3. निम्नलिखित समुच्चयों को रोस्टर रूप में लिखिए :
   (i) $A = \{x : x$ एक पूर्णांक है, और$-3 \leq x < 7\}$
   (ii) $B = \{x : x$, 6 से छोटी एक प्राकृत संख्या है$\}$
   (iii) $C = \{x : x$ दो अंकों की ऐसी प्राकृत संख्या है जिसके अंकों का योग 8 है$\}$
   (iv) $D = \{x : x$ एक अभाज्य संख्या है जो 60 की भाजक है$\}$
   (v) E = TRIGONOMETRY शब्द के सभी अक्षरों का समुच्चय।
   (vi) F = SETS शब्द के सभी अक्षरों का समुच्चय।

4. समुच्चय निर्माण रूप में निम्नलिखित समुच्चयों को व्यक्त कीजिए :
   (i) $A = \{1,3,5,7,9\}$
   (ii) $B = \{2,4,6,8\}$
   (iii) $C = \{-1, 1\}$
   (iv) $D = \{1, 5, 10, 15, \ldots\}$
   (v) $E = \{14, 21, 28, 35, 42, \ldots, 98\}$

5. निम्नलिखित समुच्चयों के सभी सदस्यों को सूचीबद्ध कीजिए :
   (i) $A = \{x : x$ एक विषम प्राकृत संख्या है$\}$
   (ii) $B = \{x : x$ एक पूर्णांक है, $-\frac{1}{2} < x < \frac{9}{2}\}$
   (iii) $C = \{x : x$ एक पूर्णांक है, $x^2 \leq 4\}$
   (iv) $D = \{x : x$ "LOYAL" शब्द का एक अक्षर है$\}$

(v) E = {x : x वर्ष का एक माह है जिसमें 31 दिन नहीं होते हैं}

(vi) F = {x : x अंग्रेजी वर्णमाला का एक व्यंजन है जो k का पूर्ववर्ती है}

6. बाँयी ओर रोस्टर रूप के प्रत्येक समुच्चय के संगत दाँयी ओर समुच्चय निर्माण रूप में वर्णित समुच्चय से जोड़ा बनाइए :

(i) {1,2,3,6}	(a) {x : x एक अभाज्य संख्या है और 6 की भाजक है}
(ii) {2,3}	(b) {x : x, 10 से छोटी एक विषम प्राकृत संख्या है}
(iii) {H,A,R,Y,N}	(c) {x : x, एक प्राकृत संख्या है, और 6 की भाजक है}
(iv) {1,3,5,7,9}	(d) {x : x, HARYANA शब्द का एक अक्षर है}

1.3 रिक्त समुच्चय (The Empty Set)

विचार कीजिए कि

समुच्चय A = {x : x स्कूल की वर्तमान कक्षा XI में अध्ययनरत एक विद्यार्थी है।}.

हम विद्यालय जा सकते हैं, तथा विद्यालय की वर्तमान कक्षा XI में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गिन सकते हैं। इस प्रकार समुच्चय A के अवयवों की संख्या परिमित है।

विचार कीजिए कि समुच्चय {x : x एक पूर्णांक है, $x^2 + 1 = 0$} पर विचार कीजिए। हम जानते हैं कि ऐसा कोई पूर्णांक नहीं है जिसका वर्ग –1 हो। इसलिए, उपर्युक्त समुच्चय में कोई अवयव नहीं है।

अब हम समुच्चय B को निम्न प्रकार परिभाषित करते हैं :

B = {x : x वर्तमान में कक्षा X तथा XI दोनों में अध्ययनरत विद्यार्थी है}

हम ध्यान देते हैं कि एक विद्यार्थी कक्षा X तथा XI में साथ–साथ अध्ययन नहीं कर सकता है। अतः समुच्चय B में कोई भी अवयव नहीं है।

परिभाषा 1 जिस समुच्चय में एक भी अवयव नहीं होता है, उसे रिक्त समुच्चय या शून्य समुच्चय कहते हैं।

इस परिभाषा के अनुसार B रिक्त समुच्चय है जबकि A रिक्त समुच्चय नहीं है। रिक्त समुच्चय को प्रतीक 'ϕ' (फाई) से प्रदर्शित करते हैं। हम रिक्त समुच्चयों के कुछ और उदाहरण देते हैं।

(i) मान लीजिए P = { x : $1 < x < 2$, x एक प्राकृत संख्या है।}, तो P रिक्त समुच्चय है क्योंकि 1 और 2 के मध्य कोई भी प्राकृत संख्या नहीं होती है।

(ii) मान लीजिए Q = {x : $x^2 - 2 = 0$ और x परिमेय संख्या है}, तो Q रिक्त समुच्चय है क्योंकि समीकरण $x^2 - 2 = 0$ किसी भी परिमेय संख्या x से संतुष्ट नहीं होता है।

(iii) मान लीजिए R = { x : x, 2 से बड़ी एक अभाज्य सम संख्या है }, तो R रिक्त समुच्चय है, क्योंकि केवल 2 ही अभाज्य सम संख्या है।

(iv) मान लीजिए S = {x : $x^2 = 4$, और x एक विषम पूर्णांक है}, तो S रिक्त समुच्चय है, क्योंकि समीकरण $x^2 = 4$, x के किसी भी विषम मान से संतुष्ट नहीं होती है।

1.4 परिमित (Finite) और अपरिमित (Infinite) समुच्चय

मान लीजिए A = {1, 2, 3, 4, 5}, B = {a, b, c, d, e, f} और C = { विश्व के पुरुष } हैं।

हम ध्यान देते हैं, कि A में 5 अवयव हैं और B में 6 अवयव हैं। C में कितने अवयव हैं? स्पष्ट है, हम C के अवयवों की यथार्थ संख्या नहीं जानते हैं, लेकिन यह कोई प्राकृत संख्या है जो एक बहुत बड़ी संख्या हो सकती है। समुच्चय A के अवयवों की संख्या से हमारा अभिप्राय समुच्चय के विभिन्न अवयवों की संख्या से है और इसे हम n(A) द्वारा निरूपित करते हैं। यदि n(A) एक प्राकृत संख्या है, तो A एक परिमित समुच्चय है अन्यथा A, अपरिमित समुच्चय कहलाता है। आइए प्राकृत संख्याओं के समुच्चय **N** पर विचार करते हैं। हम देखते हैं कि इस समुच्चय के अवयवों की संख्या n(**N**) परिमित नहीं है क्योंकि प्राकृत संख्याएँ अनगिनत होती हैं। इस प्रकार, हम कह सकते हैं कि प्राकृत संख्याओं का समुच्चय एक अपरिमित समुच्चय है।

परिभाषा 2 एक समुच्चय, जो रिक्त है या जिसके अवयवों की संख्या निश्चित है, परिमित समुच्चय कहलाता है, अन्यथा, समुच्चय अपरिमित कहलाता है।

हम संख्याओं के विभिन्न समुच्चयों को निम्नलिखित प्रतीकों से निरूपित करेंगे :

N : प्राकृत संख्याओं का समुच्चय
Z : पूर्णांकों का समुच्चय
Q : परिमेय संख्याओं का समुच्चय
R : वास्तविक संख्याओं का समुच्चय
$\mathbf{Z}^+$: धन पूर्णांकों का समुच्चय
$\mathbf{Q}^+$: धन परिमेय संख्याओं का समुच्चय
$\mathbf{R}^+$: धन वास्तविक संख्याओं का समुच्चय

आइए, हम कुछ उदाहरणों पर विचार करें :

(i) मान लीजिए M सप्ताह के दिनों का समुच्चय है, तो M परिमित है।

(ii) सभी परिमेय संख्याओं का समुच्चय **Q** अपरिमित समुच्चय है।

(iii) मान लीजिए S समीकरण $x^2 - 16 = 0$ के हलों का समुच्चय है, तो S परिमित है।

(iv) मान लीजिए कि रेखा के सभी बिन्दुओं का समुच्चय G हैं, तो G अपरिमित समुच्चय है।

जब हम एक समुच्चय को रोस्टर रूप में निरूपित करते हैं तब हम समुच्चय के सभी अवयवों को कोष्ठक { } में लिखते हैं। एक अनन्त समुच्चय के सभी अवयवों को कोष्ठक के भीतर लिखना सम्भव नहीं है। इसलिए हम कुछ अनन्त समुच्चयों को रोस्टर रूप द्वारा निरूपण में कुछ अवयवों को लिखकर, जो समुच्चय के स्वरूप को स्पष्टतः बताते हैं, उसके बाद तीन बिन्दु लगाते हैं।

उदाहरणतया, {1, 2, 3, 4, ...} प्राकृत संख्याओं का समुच्चय है, {1, 3, 5, 7, 9, ...}, विषम प्राकृतिक संख्याओं का समुच्चय है और {..., –3, –2, –1, 0, 1, 2, 3, ...} पूर्णांकों का समुच्चय है। परन्तु वास्तविक संख्याओं के समुच्चय को इस रूप में प्रदर्शित नहीं किया जा सकता क्योंकि इस समुच्चय के अवयवों का कोई विशेष प्रतिरूप नहीं है।

1.5 समान (Equal) और तुल्य (Equivalent) समुच्चय

दो दिये गए समुच्चयों A और B में, यदि A का प्रत्येक अवयव B का भी अवयव है और B का प्रत्येक अवयव A का भी अवयव है, तो समुच्चय A और B समान कहलाते हैं। स्पष्टतः दोनों समुच्चयों में यथार्थ रूप से समान अवयव होते हैं।

परिभाषा 3 समुच्चय A तथा B समान कहलाते हैं यदि उनमें यथार्थ रूप से समान अवयव हो और उसे हम $A = B$ लिखते हैं। अन्यथा समुच्चय असमान *(unequal)* कहलाते हैं और हम $A \neq B$ लिखते हैं।

आइए, हम निम्नलिखित उदाहरणों पर विचार करें:

(i) मान लीजिए A = { 1, 2, 3, 4, } और B = { 3, 1, 4, 2} तो, A = B

(ii) मान लीजिए A, 6 से कम अभाज्य संख्याओं का समुच्चय और P, 30 के अभाज्य गुणनखण्डों का समुच्चय है। स्पष्टतः समुच्चय A तथा P समान हैं क्योंकि 2, 3 और 5 ही केवल 30 के अभाज्य गुणनखण्ड हैं और 6 से कम भी हैं।

आइए, हम दो समुच्चयों L = { 1, 2, 3, 4 } और M = {1, 2, 3, 8} पर विचार करें। दोनों में से प्रत्येक में चार अवयव हैं लेकिन वे बराबर नहीं है।

परिभाषा 4 परिमित समुच्चय A तथा B तुल्य *(equivalent)* कहे जाते हैं यदि उनमें अवयवों की संख्या समान हो। उसे हम $A \approx B$ लिखते हैं।

उदाहरणतया मान लीजिए A = {*a*, *b*, *c*, *d*, *e*} और B = {1, 3, 5, 7, 9} तो A और B तुल्य समुच्चय हैं।

स्पष्टतः सभी समान समुच्चय तुल्य समुच्चय होते हैं परन्तु सभी तुल्य समुच्चय समान समुच्चय नहीं होते हैं।

उदाहरण 7 समान समुच्चयों के युग्म छाँटिए, यदि ऐसा कोई है, और कारण भी बताइए :

$A = \{ 0 \}$, $B = \{x : x > 15$ और $x < 5 \}$, $C = \{x : x - 5 = 0\}$, $D = \{x : x^2 = 25\}$
$E = \{x : x$ समीकरण $x^2 - 2x - 15 = 0$ का एक धनात्मक पूर्णांक मूल है$\}$

हल चूँकि $0 \in A$ और 0 समुच्चयों B, C, D और E में से किसी में भी नहीं है। इसलिए, $A \neq B$, $A \neq C$, $A \neq D$, $A \neq E$ है, $B = \phi$ लेकिन अन्य कोई समुच्चय रिक्त नहीं है। अतः $B \neq C$, $B \neq D$ और $B \neq E$. $C = \{5\}$ लेकिन $-5 \in D$ अतः $C \neq D$. चूँकि $E = \{5\}$, $C = E$, $D = \{-5, 5\}$ और $E = \{5\}$, इसलिए $D \neq E$. इस प्रकार, समान समुच्चयों का युग्म केवल C और E है।

उदाहरण 8 निम्नलिखित समुच्चय युग्म में से कौन समान हैं? अपने उत्तर का औचित्य बताइए।

(i) A, "ALLOY" के अक्षरों का समुच्चय और B, "LOYAL" के अक्षरों का समुच्चय।
(ii) $A = \{n : n \in \mathbf{Z}$ और $n^2 \leq 4\}$ और $B = \{x : x \in \mathbf{R}$ और $x^2 - 3x + 2 = 0\}$.

हल (i) $A = \{A,L,L,O,Y\}$, $B = \{L,O,Y,A,L\}$. तो A और B समान समुच्चय हैं क्योंकि एक समुच्चय के अवयवों की पुनरावृत्ति से समुच्चय नहीं बदलता है। इस प्रकार, $A = \{A, L, O, Y\} = B$.

(ii) $A = \{-2,-1,0,1,2,\}$, $B = \{1,2\}$. चूँकि $0 \in A$ और $0 \notin B$, A और B समान नहीं है।

उदाहरण 9 बतलाइए कि निम्नलिखित समुच्चयों में कौन परिमित हैं और कौन अपरिमित हैं।

(i) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और $(x-1)(x-2) = 0\}$
(ii) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और $x^2 = 4\}$
(iii) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और $2x - 1 = 0\}$
(iv) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और x अभाज्य है$\}$
(v) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और x विषम है$\}$

हल (i) दिया समुच्चय = $\{1, 2\}$ है। अतः यह परिमित है।
(ii) दिया समुच्चय = $\{2\}$ है। अतः यह परिमित है।
(iii) दिया समुच्चय = ϕ, है। अतः यह परिमित है।
(iv) दिया समुच्चय सभी अभाज्य संख्याओं का समुच्चय है और क्योंकि अभाज्य संख्याओं का समुच्चय अनन्त है, अतः दिया समुच्चय अनन्त है।
(v) चूँकि विषम संख्याएँ अनन्त हैं, अतः यह समुच्चय अनन्त है।

प्रश्नावली 1.2

1. निम्नलिखित समुच्चयों में से कौन परिमित तथा कौन अपरिमित है :
   (i) वर्ष के महीनों का समुच्चय।
   (ii) $\{1, 2, 3, \ldots\}$
   (iii) $\{1,2,3,\ldots,99,1000\}$
   (iv) 100 से बड़े धन पूर्णांकों का समुच्चय।
   (v) 99 से कम अभाज्य संख्याओं का समुच्चय।

2. बताइए कि निम्नलिखित समुच्चयों में से प्रत्येक में कौन परिमित हैं तथा कौन अपरिमित हैं?
   (i) रेखाओं का समुच्चय जो x–अक्ष के समान्तर है।
   (ii) अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों का समुच्चय।
   (iii) संख्याओं का समुच्चय जो 5 की गुणक है।
   (iv) पृथ्वी पर रहने वाले जानवरों का समुच्चय।
   (v) समतल में मूलबिन्दु से होकर जाने वाले वृत्तों का समुच्चय।

3. निम्नलिखित में से कौन कौन रिक्त समुच्चय के उदाहरण हैं?
   (i) 2 से भाज्य विषम प्राकृत संख्याओं का समुच्चय।
   (ii) सम अभाज्य संख्याओं का समुच्चय।
   (iii) $\{x : x$ एक प्राकृत संख्या है, $x < 5$ और साथ–साथ $x > 7\}$
   (iv) $\{y : y$ किन्हीं दो समान्तर रेखाओं का उभयनिष्ठ बिन्दु है। $\}$

4. निम्नलिखित में से बताइए कि A = B है या नहीं :
   (i) $A = \{a, b, c, d,\}$ $B = \{d, c, b, a\}$
   (ii) $A = \{4, 8, 12, 16\}$ $B = \{8, 4, 16, 18\}$
   (iii) $A = \{2, 4, 6, 8, 10\}$ $B = \{x : x$ धन सम पूर्णांक है $\leq 10\}$
   (iv) $A = \{x : x,$ 10 का गुणक है$\}$ $B = \{10, 15, 20, 25, 30, \ldots\}$

5. क्या निम्नलिखित समुच्चय युग्म समान हैं? कारण बताइए।
   (i) $A = \{2,3\}$, $B = \{x : x, x^2 + 5x + 6 = 0$ का हल है$\}$
   (ii) $A = \{x : x$ शब्द FOLLOW का एक अक्षर है।$\}$, $B = \{y : y$ शब्द WOLF का एक अक्षर है।$\}$

6. नीचे दिए गए समुच्चयों में से समान समुच्चय और तुल्य समुच्चय छाँटिए :

   $A = \{0, a\}$ $B = \{1, 2, 3, 4\}$
   $C = \{4, 8, 12\}$ $D = \{3, 1, 2, 4\}$
   $E = \{1, 0\}$ $F = \{8, 4, 12\}$
   $G = \{1, 5, 7, 11\}$ $H = \{a, b\}$.

1.6 उपसमुच्चय (Subsets)

समुच्चय S और T पर विचार करें, जहाँ S आपके विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का समुच्चय निरूपित करता है और T आपकी कक्षा के सभी विद्यार्थियों का समुच्चय निरूपित करता है। हम पाते हैं कि T का प्रत्येक अवयव S का भी एक अवयव है। हम कहते हैं कि T, S का उपसमुच्चय है।

परिभाषा 5 यदि समुच्चय A का प्रत्येक अवयव, समुच्चय B का भी एक अवयव है, तो A, B का उपसमुच्चय कहलाता है या A, B में अन्तर्विष्ट (contained in) है। हम इसे $A \subset B$ लिखते हैं।

यदि A का कम से कम एक अवयव B में नहीं है, तो A, B का उपसमुच्चय नहीं है। हम इसे $A \not\subset B$ लिखते हैं।

हम ध्यान दे सकते हैं कि A को B का उपसमुच्चय होने के लिए जो कुछ आवश्यक है वह यह है कि A का प्रत्येक अवयव B में है। यह संभव है कि B का प्रत्येक अवयव A में हो या नहीं भी हो। यदि ऐसा होता है कि B का प्रत्येक अवयव A में भी है, तो हम $B \subset A$ भी प्राप्त करेंगे। इस स्थिति में, A और B समान समुच्चय हैं क्योंकि हम

$A \subset B$ और $B \subset A$ से $A = B$ प्राप्त करते हैं।

परिभाषा से स्वतः स्पष्ट है कि प्रत्येक समुच्चय स्वयं का उपसमुच्चय है अर्थात् $A \subset A$, चूँकि रिक्त समुच्चय में कोई अवयव नहीं होता है, हम कह सकते हैं कि ϕ प्रत्येक समुच्चय का उपसमुच्चय होता है।

अब हम कुछ उदाहरणों पर विचार करते हैं।

(i) परिमेय संख्याओं का समुच्चय **Q,** वास्तविक संख्याओं के समुच्चय **R** का उपसमुच्चय है और हम $\mathbf{Q} \subset \mathbf{R}$. लिखते हैं।

(ii) यदि A, 56 के सभी भाजकों का समुच्चय है और B, 56 के सभी अभाज्य भाजकों का समुच्चय है तो B, A का उपसमुच्चय है, और हम $B \subset A$ लिखते हैं।

(iii) मान लीजिए $A = \{1, 3, 5\}$ और $B = \{x : x,$ 6 से कम एक विषम प्राकृत संख्या है$\}$, तो $A \subset B$ और $B \subset A$, अतः $A = B$।

(iv) मान लीजिए $A = \{a, e, i, o, u\}$, $B = \{a, b, c, d\}$, तो A, B का उपसमुच्चय नहीं है तथा B, A का उपसमुच्चय नहीं है। जिसे हम $A \not\subset B$ और $B \not\subset A$ द्वारा लिखते हैं।

(v) आइए, हम समुच्चय {1,2} के सभी उपसमुच्चय लिखें। हम जानते हैं कि ϕ प्रत्येक समुच्चय का उपसमुच्चय होता है। इसलिए ϕ, समुच्चय {1,2} का उपसमुच्चय है। हम देखते हैं कि {1} और {2} और {1, 2} भी {1, 2} के उपसमुच्चय हैं। इस प्रकार, समुच्चय {1,2} के कुल चार उपसमुच्चय, नामतः ϕ, {1}, {2} और{1,2} हैं।

परिभाषा 6 मान लीजिए A और B दो समुच्चय हैं। यदि $A \subset B$ और $A \neq B$, तो A, B का उचित उपसमुच्चय *(proper subset)* कहते हैं और B को A का अधिसमुच्चय *(superset)* कहते हैं। उदाहरणत:, $A = \{1,2,3\}$, $B = \{1,2,3,4\}$ का उचित उपसमुच्चय है।

परिभाषा 7 यदि समुच्चय A में केवल एक अवयव हो तो हम इसे एकल समुच्चय *(singleton)* कहते। इस प्रकार, $\{a\}$ एक एकल समुच्चय है।

1.7 घात समुच्चय (Power Set)

अनुभाग 1.6 के उदाहरण (v) में समुच्चय $\{1, 2\}$ के सभी उपसमुच्चयों नामतः ϕ, $\{1\}$, $\{2\}$ और $\{1, 2\}$प्राप्त किए। हम इन सभी उपसमुच्चय के समुच्चय को $\{1, 2\}$ का घात समुच्चय कहते हैं।

परिभाषा 8 समुच्चय A के सभी उपसमुच्चयों का समूह A का घात समुच्चय कहलाता है। इसे P(A) से निरूपित किया जाता है। P(A) का हर अवयव एक समुच्चय है।

अनुभाग 1.6 के उदाहरण (v) में, यदि $A = \{1, 2\}$, तो $P(A) = \{\phi, \{1\}, \{2\}, \{1,2\}\}$, यह भी ध्यान दीजिए, कि $n[P(A)] = 4 = 2^2$, व्यापक रूप से यह दिखाया जा सकता है कि यदि $n(A) = m$, तो $n[P(A)] = 2^m > m = n(A)$।

1.8 सार्वत्रिक समुच्चय (Universal Set)

समुच्चयों के किसी विशेष संदर्भ में, यदि हम U ऐसा समुच्चय पाते हैं ताकि सभी विचाराधीन समुच्चय U के उपसमुच्चय हों तो समुच्चय U को सार्वत्रिक समुच्चय कहते हैं। हम ध्यान देते हैं कि सार्वत्रिक समुच्चय अद्वितीय नहीं होता है।

उदाहरणतः सभी पूर्णांकों के समुच्चय **Z** के लिए, सार्वत्रिक समुच्चय परिमेय संख्याओं का समुच्चय **Q** या वास्तविक संख्याओं का समुच्चय **R** हो सकते हैं।

एक और उदाहरण, मानव जनसंख्या अध्ययन के संदर्भ में विश्व के सभी व्यक्तियों का समुच्चय सार्वत्रिक समुच्चय है।

उदाहरण 10 निम्नलिखित समुच्चयों पर विचार कीजिए

ϕ, $A = \{1,3\}$, $B = \{1,5,9\}$, $C = \{1,3,5,7,9\}$

प्रत्येक समुच्चय युग्म के बीच सही प्रतीक $\subset$ या $\not\subset$ रखिए (i) ϕ — B, (ii) A — B, (iii) A — C, (iv) B — C.

हल (i) $\phi \subset B$ क्योंकि ϕ, प्रत्येक समुच्चय का उपसमुच्चय होता है।

(ii) $A \not\subset B$ क्योंकि $3 \in A$ और $3 \notin B$.

(iii) $A \subset C$ क्योंकि $1, 3 \in A$, जो C में भी हैं।

(iv) $B \subset C$ क्योंकि B का प्रत्येक अवयव C में भी है।

उदाहरण 11 मान लीजिए $A = \{1,2,3,4\}$, $B = \{1,2,3\}$ और $C = \{2,4\}$. सभी समुच्चय X ज्ञात कीजिए जिनके लिए (i) $X \subset B$ और $X \subset C$ (ii) $X \subset A$ और $X \not\subset B$.

हल (i) $X \subset B$ का अर्थ है कि X, B का उपसमुच्चय है तथा B के उपसमुच्चय हैं ϕ, $\{1\}$, $\{2\}$, $\{3\}$, $\{1,2\}$, $\{1,3\}$, $\{2,3\}$ और $\{1,2,3\}$. $X \subset C$ का अर्थ है कि X, C का उपसमुच्चय तथा C के सभी उपसमुच्चय ϕ, $\{2\}$, $\{4\}$ और $\{2,4\}$ हैं। हम पाते हैं कि $X \subset B$ और $X \subset C$ जिसका अर्थ है कि X, B और C दोनों का उपसमुच्चय है। अतः, $X = \phi$, $\{2\}$.

(ii) $X \subset A$, $X \not\subset B$ का अर्थ है कि X, A का उपसमुच्चय है परन्तु X, B का उपसमुच्चय नहीं है। इसलिए, $X = \{4\}$, $\{1,2,4\}$, $\{2,3,4\}$, $\{1,3,4\}$, $\{1,4\}$, $\{2,4\}$, $\{3,4\}$, $\{1,2,3,4\}$।

टिप्पणी एक समुच्चय के कुछ अवयव सहज रूप में ऐसे हो सकते हैं जो स्वयं समुच्चय हों। उदाहरणतः समुच्चय $\{1, \{2,3\}, 4\}$ का एक अवयव $\{2,3\}$ है जो एक समुच्चय है तथा इस समुच्चय के अवयव 1 तथा 4 भी हैं जो समुच्चय नहीं है।

उदाहरण 12 मान लीजिए कि A,B और C तीन समुच्चय हैं। यदि $A \in B$ और $B \subset C$ हों तो क्या यह सत्य है कि $A \subset C$? यदि नहीं तो एक उदाहरण दीजिए।

हल नहीं, मान लीजिए $A = \{1\}$, $B = C = \{\{1\}, 2\}$. यहाँ $A \in B$ क्योंकि $A = \{1\}$ और $B = C$ से प्राप्त होता है $B \subset C$, लेकिन $A \not\subset C$ क्योंकि $1 \in A$ और $1 \notin C$.

ध्यान दीजिए कि किसी समुच्चय का कोई अवयव उस समुच्चय का उपसमुच्चय कभी भी नहीं हो सकता है।

प्रश्नावली 1.3

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन से सत्य हैं? अपने उत्तर का औचित्य बताइए :

(i) सभी बिल्लियों का समुच्चय, सभी जानवरों के समुच्चय में अन्तर्विष्ट है।

(ii) सभी समद्विबाहु त्रिभुजों का समुच्चय, सभी समबाहु त्रिभुजों के समुच्चय में अन्तर्विष्ट है।

(iii) सभी आयतों का समुच्चय, सभी वर्गों के समुच्चय में अन्तर्विष्ट है।

(iv) समुच्चय $A =\{1\}$ और $B = \{\{1\}\}$ समान हैं।

(v) समुच्चय $A = \{x : x$ शब्द "TITLE" का एक अक्षर है$\}$ और $B = \{x : x$ शब्द "LITTLE" का एक अक्षर है$\}$ समान हैं।

2. प्रतीकों $\subset$ या $\not\subset$ को रिक्त स्थानों में भरकर कथनों को शुद्ध कीजिए

(i) $\{2,3,4\}$ — $\{1,2,3,4,5\}$.

(ii) $\{a ,b, c\}$ — $\{b ,c, d\}$.

(iii) $\{x : x$ आपके विद्यालय की XI कक्षा का एक विद्यार्थी है $\}$ — $\{x : x$ आपके विद्यालय का एक विद्यार्थी है $\}$

(iv) $\{x : x$ समतल में एक वृत्त है $\}$ — $\{x : x$ इकाई त्रिज्या का एक वृत्त है $\}$.

(v) $\{x : x$ समतल में एक त्रिभुज है $\}$ — $\{x : x$ समतल में एक आयत है $\}$.

(vi) $\{x : x$ समतल में एक समबाहु त्रिभुज है $\}$ — $\{x : x$ समतल में एक त्रिभुज है $\}$.

(vii) $\{x : x$ एक सम प्राकृत संख्या है $\}$ — $\{x : x$ एक पूर्णांक है $\}$.

3. परीक्षण कीजिए कि निम्नलिखित कथन सत्य हैं या असत्य :

(i) $\{a, b\} \not\subset \{b, c, a\}$

(ii) $\{a, e\} \subset \{x : x$ अंग्रेजी वर्णमाला का एक स्वर है$\}$

(iii) $\{1, 3, 5\} \subset \{1, 3, 5\}$

(iv) $\{a\} \subset \{a, b, c\}$

(v) $\{a\} \in \{a, b, c\}$

(vi) $\{x : x$ एक सम प्राकृत संख्या है जो 6 की भाजक है$\} \subset \{x : x$ एक प्राकृत संख्या है जो 36 की भाजक है$\}$.

4. मान लीजिए $A = \{1,2,\{3,4\},5\}$। निम्नलिखित कथनों में से कौन से असत्य हैं और क्यों?

(i) $\{3,4\} \subset A$ (ii) $\{3,4\} \in A$ (iii) $\{\{3,4\}\} \subset A$ (iv) $1 \in A$

(v) $1 \subset A$ (vi) $\{1,2,5\} \subset A$ (vii) $\{1,2,5\} \in A$ (viii) $\{1,2,3\} \subset A$

(ix) $\phi \in A$ (x) $\{\phi\} \subset A$.

5. निम्नलिखित समुच्चयों में कौन से समान हैं?

$A = \{x : x \in \mathbf{N}, x < 3\}$, $B = \{1,2\}$, $C = \{3,1\}$

$D = \{x : x \in \mathbf{N}, x$ विषम है, $x < 5\}$, $E = \{1,2,1\}$, $F = \{1,1,3\}$.

6. मान लीजिए $A = \{1,2,3,4\}$, $B = \{1,2,3\}$ और $C = \{2,4\}$. प्रतिबंधों के प्रत्येक युग्म को संतुष्ट करने वाले सभी समुच्चय X ज्ञात कीजिए :

(i) $X \subset B$ और $X \not\subset C$ (ii) $X \subset B, X \neq B$ और $X \not\subset C$ (iii) $X \subset A$, $X \subset B$ और $X \subset C$

7. मान लीजिए कि $A = \{\{1,2,3\}, \{4,5\}, \{6,7,8\}\}$. ज्ञात कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन सत्य हैं तथा कौन असत्य हैं।

(i) $1 \in A$ (ii) $\{1,2,3\} \subset A$ (iii) $\{6,7,8\} \in A$

(iv) $\{\{4,5\}\} \subset A$ (v) $\phi \in A$ (vi) $\phi \subset A$.

8. P(A) में कितने अवयव हैं यदि $A = \phi$?

9. मान लीजिए $A = \{\phi, \{\phi\}, 1, \{1,\phi\},7\}$. निम्नलिखित में से कौन सत्य हैं?

(i) $\phi \in A$ (ii) $\{\phi\} \in A$ (iii) $\{1\} \in A$

(iv) $\{7, \phi\} \subset A$ (v) $7 \subset A$ (vi) $\{7, \{1\}\} \not\subset A$

(vii) $\{\{7\}, \{1\}\} \not\subset A$ (viii) $\{\phi, \{\phi\}, \{1,\phi\}\} \subset A$ (ix) $\{\{\phi\}\} \subset A$.

10. मान लीजिए कि A,B,C तीन समुच्चय हैं। यदि $A \subset B$ और $B \in C$ तो क्या यह सत्य है कि $A \in C$? यदि नहीं तो एक उदाहरण दीजिए।

1.9 वेन आरेख (Venn Diagrams)

समुच्चयों के बीच अधिकांश संबंधों को आरेखों के द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है। समतल में परिबद्ध क्षेत्र के रूप में समुच्चयों को प्रदर्शित करने वाली आकृतियाँ ब्रिटिश तर्कशास्त्री जॉन वेन (John Venn) (1834–1883 ई.) की स्मृति में वेन आरेख कहलाती हैं। सार्वत्रिक समुच्चय U को आयत के अन्तः क्षेत्र द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। अन्य समुच्चयों को वृत्तों या बन्द वक्रों के अन्तः क्षेत्र से प्रदर्शित किया जाता है।

आकृति 1.1

आकृति 1.1 समुच्चयों A और B, जहाँ $A \subset B$, को प्रदर्शित करने वाला वेन आरेख है।

आकृति 1.2

आकृति 1.2 में, U = {1, 2, 3, ..., 10} सार्वत्रिक समुच्चय है जिसके A = {2,4,6,8,10} और B = {4,6} उपसमुच्चय हैं। यह स्पष्ट है कि $B \subset A$, जब हम समुच्चय की संक्रियाओं की चर्चा करेंगे तब पाठक वेन आरेख का विस्तृत अनुपयोग देखेंगे।

1.10 समुच्चय का पूरक (Complement)

मान लीजिए कि सभी अभाज्य संख्याओं के समुच्चय का सार्वत्रिक समुच्चय U है तथा A, U का ऐसा उपसमुच्चय है जिसमें वे सभी अभाज्य संख्याएँ हैं जो 42 की भाजक नहीं है। इस प्रकार A = {x : $x \in$ U और x, 42 का भाजक नहीं है}. हम देखते हैं कि $2 \in$ U परन्तु

$2 \notin A$, क्योंकि 2, 42 का भाजक है। इसी प्रकार $3 \in U$ परन्तु $3 \notin A$, और $7 \in U$ परन्तु $7 \notin A$. अब 2,3 और 7, U के केवल ऐसे अवयव हैं जो A में नहीं हैं। इन तीन अभाज्य संख्याओं का समुच्चय अर्थात् समुच्चय {2,3,7} U के सापेक्ष A का पूरक कहलाता है, और A′ से निरूपित किया जाता है। इस प्रकार हम $A' = \{2,3,7\}$ पाते हैं। इस प्रकार, हम देखते हैं कि $A' = \{x : x \in U \text{ and } x \notin A\}$। इससे निम्नलिखित परिभाषा प्राप्त होती है।

परिभाषा 9 मान लीजिए कि U एक सार्वत्रिक समुच्चय है और A, U का उपसमुच्चय है तो U के सापेक्ष A का पूरक U के उन अवयवों का समुच्चय है जो A के अवयव नहीं हैं। प्रतीकात्मक रूप में, हम U के सापेक्ष A के पूरक को A′ द्वारा निरूपित करते हैं। इस प्रकार $A' = \{x : x \in U$ और $x \notin A\}$. इसे वेन आरेख में निम्न प्रकार प्रदर्शित किया जा सकता है :

आकृति 1.3

आकृति 1.3 में छायांकित भाग A′ को प्रदर्शित करता है।

उदाहरण 13 मान लीजिए $U = \{1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10\}$ और $A = \{1, 3, 5, 7, 9\}$ है तो A′ ज्ञात कीजिए।

हल हम ध्यान देते हैं कि 2, 4, 6, 8, 10 ; U के वे अवयव हैं जो A में नहीं है। अतः $A' = \{2, 4, 6, 8, 10\}$.

उदाहरण 14 मान लीजिए U एक सहशिक्षा विद्यालय के कक्षा XI के सभी विद्यार्थियों का सार्वत्रिक समुच्चय है और A, कक्षा XI की सभी लड़कियों का समुच्चय है। A′ ज्ञात कीजिए।

हल क्योंकि A सभी लड़कियों का समुच्चय है, अतः A′ कक्षा के सभी लड़कों का समुच्चय है।

1.11 समुच्चयों पर संक्रियाएँ

पूर्व की कक्षाओं में हम पढ़ चुके हैं कि सँख्याओं पर जोड़, घटाव, गुणा और भाग की संक्रियाएँ कैसे की जाती हैं। हमने इन संक्रियाओं के गुणधर्म यथा क्रम विनिमेय, साहचर्य, वंटन इत्यादि नियमों का भी अध्ययन किया। अब हम समुच्चय पर कुछ संक्रियाओं को परिभाषित करेंगे और

उनके गुणधर्मों का परीक्षण करेंगे। अतएव, हम सभी समुच्चयों को किसी सार्वत्रिक समुच्चय का उपसमुच्चय लेंगे।

(a) समुच्चयों का सम्मिलन (Union of Sets) मान लीजिए A और B कोई दो समुच्चय हैं। A और B का सम्मिलन वह समुच्चय है जिसमें A के सभी अवयवों के साथ–साथ B के भी अवयव हैं तथा उभयनिष्ठ अवयवों को केवल एक बार शामिल किया गया है। सम्मिलन को प्रतीक '$\cup$' से निरूपित किया जाता है।

इस प्रकार, हम दो समुच्चयों के सम्मिलन को निम्न प्रकार परिभाषित कर सकते हैं :

परिभाषा 10 दो समुच्चयों A और B का सम्मिलन समुच्चय C है जिसमें वे सभी अवयव है जो या तो A में हैं या B में हैं (दोनों में उभयिनिष्ठों को शामिल करते हुए)।

प्रतीकात्मक रूप से, हम $A \cup B = \{x : x \in A$ या $x \in B\}$ लिखते हैं तथा इसे हम 'A सम्मिलन B' पढ़ते हैं।

दो समुच्चयों के सम्मिलन, को आकृति 1.4 में दिखाए वेन आरेख से प्रदर्शित किया जा सकता है।

आकृति 1.4

आकृति 1.4 में छायांकित भाग $A \cup B$ को प्रदर्शित करता है।

उदाहरण 15 मान लीजिए कि $A = \{2, 4, 6, 8\}$ और $B = \{6, 8, 10, 12\}$, तो $A \cup B$ ज्ञात कीजिए।

हल हम पाते हैं कि $A \cup B = \{2, 4, 6, 8, 10, 12\}$.

ध्यान दें कि उभयनिष्ठ अवयव 6, 8 को $A \cup B$ लिखने में केवल एक ही बार लिया गया है।

उदाहरण 16 मान लीजिए $A = \{a, e, i, o, u\}$ और $B = \{a, i, u\}$. दिखाइए कि $A \cup B = A$.

हल हम पाते हैं कि $A \cup B = \{a, e, i, o, u\} = A$.

यह उदाहरण व्याख्या करता है कि समुच्चय A और उसके उपसमुच्चय B का सम्मिलन समुच्चय A स्वयं होता है, अर्थात् यदि $B \subset A$, तो $A \cup B = A$.

उदाहरण 17 मान लीजिए कि X = {राम, श्याम, अकबर} कक्षा XI के उन विद्यार्थियों का समुच्चय है जो विद्यालय की हाकी टीम में हैं तथा Y = {श्याम, डेविड, अशोक} कक्षा XI के उन विद्यार्थियों का समुच्चय है जो विद्यालय की फुटबाल टीम में हैं। $X \cup Y$ ज्ञात कीजिए और प्राप्त समुच्चय की व्याख्या कीजिए।

हल हम पाते हैं कि $X \cup Y$ = {राम, श्याम, अकबर, डेविड, अशोक}। यह कक्षा XI के उन विद्यार्थियों का समुच्चय है जो या तो हाकी टीम में या फुटबाल टीम में हैं।

उदाहरण 18 निम्नलिखित समुच्चयों के लिए उनका सम्मिलन ज्ञात कीजिए :

(i) $A = \{1,2,3,4\}$; $B = \{2,3,5\}$

(ii) $A = \{x : x \in \mathbf{Z}^+$ और $x^2 > 7\}$; $B = \{1,2,3\}$

(iii) $A = \{x : x \in \mathbf{Z}^+\}$; $B = \{x : x \in \mathbf{Z}$ और $x < 0\}$

(iv) $A = \{x : x \in \mathbf{N}$ और $1 < x \leq 4\}$; $B = \{x : x \in \mathbf{N}$ और $4 < x < 9\}$

हल (i) $A \cup B = \{1,2,3,4,5\}$

(ii) $A = \{3,4,5,\ldots\}$, $B = \{1,2,3\}$. इसलिए, $A \cup B = \{1,2,3,4,5,\ldots\} = \mathbf{Z}^+$

(iii) $A = \{1,2,3,\ldots\}$,B ={x : x एक ऋणात्मक पूर्णांक है }। इसलिए,
$A \cup B = \{x : x \in \mathbf{Z}, x \neq 0\}$

(iv) $A = \{2,3,4\}$, $B = \{5,6,7,8\}$। इसलिए, $A \cup B = \{2,3,4,5,6,7,8\}$.

(ख) समुच्चयों का सर्वनिष्ठ (Intersection of Sets) समुच्चयों A और B का सर्वनिष्ठ उन सभी अवयवों का समुच्चय है जो A और B दोनों में उभयनिष्ठ हैं। सर्वनिष्ठ को प्रतीक '$\cap$' से निरूपित किया जाता है। इस प्रकार, हम निम्नलिखित परिभाषा पाते हैं :

परिभाषा 11 दो समुच्चयों A और B का सर्वनिष्ठ उन सभी अवयवों का समुच्चय है जो A और B दोनों में हैं। इसे $A \cap B$ से निरूपित किया जाता है। इस प्रकार $A \cap B = \{x: x \in A$ और $x \in B\}$ जिसे A और B का उभयनिष्ठ समुच्चय पढ़ते हैं। दो समुच्चयों के सर्वनिष्ठ को

आकृति 1.5

आकृति 1.5 जैसी वेन आरेख से प्रदर्शित किया जाता है। छायांकित भाग $A \cap B$ को प्रदर्शित करता है।

यदि $A \cap B = \phi$, तो A और B को असंयुक्त समुच्चय (*disjoint*) कहते हैं। उदाहरणतः, मान लिजिए $A = \{2, 4, 6, 8\}$ और $B = \{1, 3, 5, 7\}$. तो A और B असंयुक्त समुच्चय हैं क्योंकि ऐसा कोई अवयव नहीं है जो A और B में उभयनिष्ठ हो। आकृति 1.6 में असंयुक्त समुच्चयों को वेन आरेख से प्रदर्शित किया गया है।

आकृति 1.6

उदाहरण 19 मान लीजिए $A = \{2, 4, 6, 8\}$ और $B = \{6, 8, 10, 12\}$ हैं, तो $A \cap B$ ज्ञात कीजिए।

हल हम देखतें है कि केवल अवयव 6,8 ऐसे हैं जो A और B दोनों में उभयनिष्ठ हैं। अतः $A \cap B = \{6,8\}$

उदाहरण 20 उदाहरण 17 के समुच्चयों X और Y पर विचार कीजिए। तथा $X \cap Y$ ज्ञात कीजिए।

हल हम देखते हैं कि केवल अवयव 'श्याम' दोनों में उभयनिष्ठ अवयव है। अतः, $X \cap Y$ = {श्याम}।

उदाहरण 21 मान लीजिए कि $A = \{1,2,3,4,5,6,7,8,9,10\}$ और $B = \{2,3,5,7\}$ हैं तो $A \cap B$ ज्ञात कीजिए और सिद्ध कीजिए कि $A \cap B = B$.

हल हम पाते हैं कि $A \cap B = \{2,3,5,7\} = B$.

पुनः हम पाते हैं कि $B \subset A$, अतः $A \cap B = B$

उदाहरण 22 मान लीजिए कि $A = \{x : x \in \mathbf{Z}^+\}$; B = {$x$: x, 3 का गुणक है, $x \in \mathbf{Z}$};

C = {x : x एक ऋणात्मक पूर्णांक है}; D = {x : x एक विषम पूर्णांक है}. निम्न ज्ञात कीजिए (i) $A \cap B$, (ii) $A \cap C$, (iii) $A \cap D$, (iv) $B \cap C$, (v) $B \cap D$, (vi) $C \cap D$.

हल A = {x : x एक धनात्मक पूर्णांक है }, B = {$3n$: $n \in$ **Z**};

(i) $A \cap B = \{3,6,9,12,\ldots\} = \{3n : n \in \mathbf{Z}^+\}$.

(ii) $A \cap C = \phi$

(iii) $A \cap D = \{1,3,5,7,\ldots\}$,

(iv) $B \cap C = \{-3,-6,-9,\ldots\}$ = {$3n$: n एक ऋणात्मक पूर्णांक है },

(v) $B \cap D = \{\ldots,-15,-9,-3,3,9,15,\ldots\}$,

(vi) $C \cap D = \{-1,-3,-5,-7,\ldots\}$

(ग) **समुच्चयों का अन्तर (Difference of Sets)** समुच्चयों A और B का अन्तर, उन अवयवों का समुच्चय है जो A में हैं परन्तु B में नहीं हैं। प्रतीकात्मक रूप में, हम इसे A – B द्वारा लिखते हैं और 'A अन्तर B' जैसा पढ़ते हैं। इस प्रकार, A – B = {x : $x \in$ A और $x \notin$ B} जो आकृति 1.7 में वेन आरेख द्वारा प्रदर्शित है। छायांकित भाग A – B को प्रदर्शित करता है।

आकृति 1.7

उदाहरण 23 मान लीजिए $V = \{a,e,i,o,u\}$ और $B = \{a,i,k,u\}$। V – B और B – V ज्ञात कीजिए।

हल हम पाते हैं कि $V - B = \{e,o\}$, क्योंकि V के वे अवयव e और o हैं जो B में नही हैं। इसी प्रकार $B - V = \{k\}$.

उदाहरण 24 मान लीजिए कि $A = \{1,2,3,4,5,6\}$ और $B = \{2,4,6,8\}$ है तो A – B और B – A ज्ञात कीजिए।

हल हम पातें हैं कि $A - B = \{1,3,5\}$ क्योंकि A के वे अवयव जो B में नहीं हैं, केवल 1,3,5 हैं। इसी प्रकार $B - A = \{8\}$

हम ध्यान देते हैं कि $A - B \neq B - A$.

सम्मिलन और सर्वनिष्ठ समुच्चय की संक्रियाएँ निम्नांकित दिये विभिन्न नियमों को संतुष्ट करती हैं :

(i) *साहचर्य नियम :*
$(A \cap B) \cap C = A \cap (B \cap C)$; $(A \cup B) \cup C = A \cup (B \cup C)$

(ii) *क्रम विनिमेय नियम :*
$A \cap B = B \cap A$; $A \cup B = B \cup A$

(iii) *वर्गसम (Idempotent) नियम :*
$A \cap A = A$; $A \cup A = A$

(iv) *तत्समक (Identity) नियम :*
$A \cap U = A$; $A \cup \phi = A$
$A \cap \phi = \phi$; $A \cup U = U$

(v) *बंटन नियम :*
$A \cap (B \cup C) = (A \cap B) \cup (A \cap C)$; $A \cup (B \cap C) = (A \cup B) \cap (A \cup C)$

ये नियम वेन आरेखों की सहायता से सिद्ध किये जा सकते हैं।

समुच्चयों के पूरक निम्नलिखित नियमों को संतुष्ट करते हैं।

(i) *डिमोर्गन (De Morgan) के नियम :*
$(A \cap B)' = A' \cup B'$; $(A \cup B)' = A' \cap B'$

(ii) *पूरक नियम :*
$A \cap A' = \phi$; $A \cup A' = U$
$\phi' = U$; $U' = \phi$

(iii) *घातकरण (Involution) नियम :*
$(A')' = A$

ये नियम वेन आरेखों के प्रयोग से सत्यापित किये जा सकते हैं।

उदाहरण 25 समुच्चय के गुणधर्मों का प्रयोग करके, सिद्ध कीजिए कि $(A \cup B) \cap (A \cup B') = A$.

हल बंटन नियम द्वारा, $(A \cup B) \cap (A \cup B') = A \cup (B \cap B') = A \cup \phi = A$.

उदाहरण 26 दिखाइए कि $A \cap B' = A - B$

हल $A - B = \{x : x \in A$ और $x \notin B\} = \{x : x \in A$ और $x \in B'\} = A \cap B'$.

उदाहरण 27 यदि $A \cap B' = \phi$, दिखाइए कि $A \subset B$.

हल $A = (A \cap U) = A \cap (B \cup B')$
$= (A \cap B) \cup (A \cap B')$
$= (A \cap B) \cup \phi = A \cap B$.

अतः $A \subset B$.

प्रश्नावली 1.4

1. निम्नलिखित समुच्चय युग्मों में से प्रत्येक के लिए, उनका सम्मिलन ज्ञात कीजिए :

   (i) $A = \{a, e, i, o, u\}$, $B = \{a, b, c\}$.

   (ii) $A = \{1,3,5\}$, $B = \{1,2,3\}$.

   (iii) $A = \{x : x$ एक प्राकृत संख्या है और 3 का गुणक है$\}$
   $B = \{x : x$, 6 से कम एक प्राकृत संख्या है$\}$

   (iv) $A = \{x : x$ एक प्राकृत संख्या है और $1 < x \leq 6\}$
   $B = \{x : x$ एक प्राकृत संख्या है और $6 < x \leq 10\}$

   (v) $A = \{1,2,3\}$, और $B = \phi$.

2. मान लीजिए कि $A = \{a, b\}$ और $B = \{a, b, c\}$, क्या $A \subset B$ है? तथा $A \cup B$ क्या है?

3. यदि A और B दो ऐसे समुच्चय हैं कि $A \subset B$ तो $A \cup B$ क्या है?

4. यदि $A = \{1,2,3,4\}$, $B = \{3,4,5,6\}$, $C = \{5,6,7,8\}$ और $D = \{7,8,9,10\}$ है तो निम्न ज्ञात कीजिए :

   (i) $A \cup B$ (ii) $A \cup C$ (iii) $B \cup C$
   (iv) $B \cup D$ (v) $A \cup B \cup C$ (vi) $A \cup B \cup D$
   (vii) $B \cup C \cup D$.

5. प्रश्न 1 के भाग (i), (ii), (iii) में से प्रत्येक समुच्चय युग्म का सर्वनिष्ठ ज्ञात कीजिए।

6. यदि $A = \{3,5,7,9,11\}$ और $B = \{7,9,11,13\}$; $C = \{11,13,15\}$, $D = \{15,17\}$ है तो निम्न ज्ञात कीजिए।

   (i) $A \cap B$ (ii) $B \cap C$ (iii) $A \cap C \cap D$
   (iv) $A \cap C$ (v) $B \cap D$ (vi) $A \cap (B \cap C)$
   (vii) $A \cap D$ (viii) $A \cap (B \cup D)$ (ix) $(A \cap B) \cap (B \cup C)$
   (x) $(A \cup D) \cap (B \cup C)$

7. यदि $A = \{x : x$ एक प्राकृत संख्या है$\}$, $B = \{x : x$ एक सम प्राकृत संख्या है$\}$, $C = \{x : x$ एक विषम प्राकृत संख्या है$\}$, $D = \{x : x$ एक अभाज्य संख्या है$\}$, तो ज्ञात कीजिए

   (i) $A \cap B$ (ii) $A \cap C$ (iii) $A \cap D$
   (iv) $B \cap C$ (v) $B \cap D$ (vi) $C \cap D$.

8. निम्नलिखित समुच्चय युग्मों में से कौन से असंयुक्त हैं?

   (i) $\{1,2,3,4\}$ और $\{x : x$ एक प्राकृत संख्या है और $4 \leq x \leq 6\}$

   (ii) $\{a,e,i,o,u\}$ और $\{c,d,e,f\}$

   (iii) $\{x : x$ एक सम पूर्णांक है$\}$ और $\{x : x$ एक विषम पूर्णांक है$\}$

9. यदि $A = \{3, 6, 12, 15, 18, 21\}$, $B = \{4, 8, 12, 16, 20\}$, $C = \{2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16\}$ और $D = \{5, 10, 15, 20\}$ है तो निम्न ज्ञात कीजिए।

(i) $A - B$ (ii) $A - C$ (iii) $A - D$
(iv) $B - A$ (v) $C - A$ (vi) $D - A$
(vii) $B - C$ (viii) $B - D$ (ix) $C - B$
(*x*) $D - B$ (xi) $C - D$ (xii) $D - C$

10. यदि $X = \{a, b, c, d\}$ और $Y = \{f, b, d, g\}$ है तो ज्ञात कीजिए
(i) $X - Y$, (ii) $Y - X$, (iii) $X \cap Y$.

11. यदि **R** वास्तविक संख्याओं का समुच्चय और **Q** परिमेय संख्याओं का समुच्चय है, तो $\mathbf{R} - \mathbf{Q}$ क्या है?

12. बताइए कि निम्नलिखित कथनों में से प्रत्येक सत्य हैं या असत्य ? अपने उत्तर का औचित्य भी बताइए।

(i) $\{2,3,4,5\}$ और $\{3,6\}$ असंयुक्त समुच्चय हैं।
(ii) $\{a,e,\mathrm{i},\mathrm{o},\mathrm{u}\}$ और $\{a,b,c,d\}$ असंयुक्त समुच्चय हैं।
(iii) $\{2,6,10,14\}$ और $\{3,7,11,15\}$ असंयुक्त समुच्चय हैं।
(iv) $\{2,6,10\}$ और $\{3,7,11\}$ असंयुक्त समुच्चय हैं।

13. मान लीजिए कि $U = \{1,2,3,4,5,6,7,8,9\}$, $A = \{1,2,3,4\}$, $B = \{2,4,6,8\}$ और $C = \{3,4,5,6\}$, तो निम्न ज्ञात कीजिए :

(i) A' (ii) B' (iii) $(A \cap C)'$
(iv) $(A \cup B)'$ (v) $(A')'$ (vi) $(B - C)'$.

14. यदि $U = \{a,b,c,d,e,f,g,h\}$, निम्नलिखित समुच्चयों के पूरक ज्ञात कीजिए।
(i) $A = \{a,b,c\}$ (ii) $B = \{d,e,f,g\}$ (iii) $C = \{a,c,e,g\}$ (iv) $D = \{f,g,h,a\}$

15. प्राकृत संख्याओं के समुच्चय को सार्वत्रिक समुच्चय लेते हुए, निम्नलिखित समुच्चयों के पूरक लिखिए।

(i) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और x सम है$\}$
(ii) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और x विषम है$\}$
(iii) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और $x = 3n$, $n \in \mathbf{N}\}$
(iv) $\{x : x$ एक अभाज्य संख्या है$\}$
(v) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और x एक पूर्ण वर्ग है$\}$
(vi) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और x एक पूर्ण घन है$\}$
(vii) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और $x + 5 = 8\}$
(viii) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और $2x + 5 = 9\}$
(ix) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और $x \geq 7\}$
(*x*) $\{x : x \in \mathbf{N}$ और x , 3 और 5 से भाज्य है$\}$

16. यदि $U = \{1,2,3,4,5,6,7,8,9\}$, $A = \{2,4,6,8\}$ और $B = \{2,3,5,7\}$ है, तो निम्न सत्यापित कीजिए।

(i) $(A \cup B)' = A' \cap B'$ (ii) $(A \cap B)' = A' \cup B'$

17. दिखाइए कि $(A \cup B) - (A \cap B) = (A - B) \cup (B - A)$.
(संकेत : $X - Y = X \cap Y'$ और डिमोर्गन नियमों का प्रयोग कीजिए)
यह अन्तर सममित अन्तर *(Symmetric Difference)* भी कहलाता है।

18. यदि $A' \cup B = U$, दिखाइए कि $A \subset B$.

19. यदि $B' \subset A'$, दिखाइए कि $A \subset B$.

20. निम्नलिखित समुच्चयों को वेन आरेख 1.8 में छायांकित कीजिए।

(i) $A' \cap (B \cup C)$ (ii) $A' \cap (C - B)$

आकृति 1.8

21. समुच्चयों A, B, C के लिए, समुच्चयों के गुणधर्मों का प्रयोग करके सिद्ध कीजिए।

(i) $A - (B \cup C) = (A - B) \cap (A - C)$

(ii) $(A \cup B) - C = (A - C) \cup (B - C)$ (संकेत : $X - Y = X \cap Y'$)

(iii) $(A \cup B) - A = B - A$

(iv) $A - (B - C) = (A - B) \cup (A \cap C)$

(v) $A \cap (B - C) = (A \cap B) - (A \cap C)$.

1.12 समुच्चयों के अनुप्रयोग

मान लीजिए A, B परिमित समुच्चय हैं। यदि $A \cap B = \phi$, तो

$$n(A \cup B) = n(A) + n(B) \qquad (1)$$

$A \cup B$ के अवयव या तो A में है या B में है परन्तु दोनों में नहीं हैं क्योंकि $A \cap B = \phi$ इसलिए तत्काल अनुसरित परिणाम (1) प्राप्त होता है।

व्यापक रूप से यदि A, B परिमित समुच्चय हों, तो

$$n(A \cup B) = n(A) + n(B) - n(A \cap B) \qquad (2)$$

आकृति 1.9

ध्यान दीजिए कि समुच्चय A – B, A ∩ B और B – A असंयुक्त हैं और उनका सम्मिलन A ∪ B है (आकृति 1.9)। इसलिए

$$
\begin{aligned}
n(A \cup B) &= n(A-B) + n(A \cap B) + n(B-A) \\
&= n(A - B) + n(A \cap B) + n(B - A) + n(A \cap B) - n(A \cap B) \\
&= n(A) + n(B) - n(A \cap B) \text{ जो (2) को प्रमाणित करता है।}
\end{aligned}
$$

यदि A, B और C परिमित समुच्चय हैं, तो

$$
\begin{aligned}
n(A \cup B \cup C) &= n(A) + n(B) + n(C) - n(A \cap B) - n(B \cap C) \\
&\quad - n(A \cap C) + n(A \cap B \cap C) \qquad (3)
\end{aligned}
$$

अब, वास्तव में हम पाते हैं कि

$$
\begin{aligned}
n(A \cup B \cup C) &= n(A) + n(B \cup C) - n(A \cap (B \cup C)) \qquad [(2) \text{ से}] \\
&= n(A) + n(B) + n(C) - n(B \cap C) - n(A \cap (B \cup C)) \qquad [(2) \text{ से}]
\end{aligned}
$$

चूँकि $A \cap (B \cup C) = (A \cap B) \cup (A \cap C)$ अत:

$$
\begin{aligned}
n[(A \cap (B \cup C)] &= n(A \cap B) + n(A \cap C) - n[(A \cap B \cap A \cap C)] \\
&= n(A \cap B) + n(A \cap C) - n(A \cap B \cap C).
\end{aligned}
$$

इसलिए

$$
\begin{aligned}
n(A \cup B \cup C) &= n(A) + n(B) + n(C) - n(B \cap C) - n(A \cap B) \\
&\quad - n(A \cap C) + n(A \cap B \cap C).
\end{aligned}
$$

इससे (3) सिद्ध होता है।

उदाहरण 28 यदि X और Y दो ऐसे समुच्चय हैं कि $n(X \cup Y) = 50$, $n(X) = 28$ और $n(Y) = 32$, $n(X \cap Y)$ ज्ञात कीजिए।

हल सूत्र

$$n(X \cup Y) = n(X) + n(Y) - n(X \cap Y),$$

के प्रयोग से हम पाते हैं कि

$$n(X \cap Y) = n(X) + n(Y) - n(X \cup Y)$$
$$= 28 + 32 - 50 = 10$$

विकल्पतः, यदि $n(X \cap Y) = k$, तो

$n(X - Y) = 28 - k$, $n(Y - X) = 32 - k$. (वेन आरेख 1.10 से)

अतः $50 = n\ (X \cup Y) = (28 - k) + k + (32 - k)$.

इसलिए, $k = 10$.

आकृति 1.10

उदाहरण 29 एक विद्यालय में 20 अध्यापक हैं जो गणित या भौतिकी पढ़ाते हैं। उनमें से 12 गणित पढ़ाते है और 4 भौतिकी और गणित पढ़ाते हैं। कितने भौतिकी पढ़ाते हैं?

हल मान लीजिए कि M उन अध्यापकों का समुच्चय निरूपित करता है जो गणित पढ़ाते हैं और P उन अध्यापकों का समुच्चय निरूपित करता है जो भौतिकी पढ़ाते हैं। हमें दिया है कि $n(M \cup P) = 20$, $n(M) = 12$, $n(M \cap P) = 4$.

इसलिए $n(P) = n(M \cup P) - n(M) + n(M \cap P) = 20 - 12 + 4 = 12$.

अतः 12 अध्यापक भौतिकी पढ़ाते हैं।

उदाहरण 30 50 व्यक्तियों के समूह में, 35 हिन्दी बोलते हैं, 25 अंग्रेजी और हिन्दी दोनों बोलते हैं और सभी व्यक्ति दोनों भाषाओं में से कम से कम एक भाषा बोलते हैं। कितने व्यक्ति केवल अंग्रेजी बोलते हैं तथा हिन्दी नहीं? कितने व्यक्ति अंग्रेजी बोलते हैं?

हल मान लीजिए H हिन्दी बोलने वाले व्यक्तियों का समुच्चय तथा E अंग्रेजी बोलने वाले व्यक्तियों के समुच्चय को निरूपित करता है। हमें दिया हुआ है कि $n(H \cup E) = 50$, $n(H) = 35$, $n(H \cap E) = 25$.

अब $n(H \cup E) = n(H) + n(E - H)$

इसलिए $50 = 35 + n(E - H)$

अर्थात् $n(E - H) = 15$

इस प्रकार, उन व्यक्तियों की संख्या जो अंग्रेजी बोलते हैं परन्तु हिन्दी नहीं =15.

तथा $n(H \cup E) = n(H) + n(E) - n(H \cap E)$

अर्थात् $50 = 35 + n(E) - 25$

इसलिए $n(E) = 40$

इस प्रकार, उन व्यक्तियों की संख्या जो अंग्रेजी बोलते हैं = 40.

उदाहरण 31 एक सर्वेक्षण में, एक स्कूल के 400 विद्यार्थियों में, 100 विद्यार्थी सेब का रस पीने वाले, और 150 विद्यार्थी संतरे का रस पीने वाले, तथा 75 विद्यार्थी सेब तथा संतरा दोनों का रस पीने वाले पाये गये। ज्ञात कीजिए कितने विद्यार्थी न तो सेब का रस पीते हैं और न संतरे का ही?

हल मान लीजिए U सर्वेक्षण किए विद्यार्थियों के समूह को निरूपित करता है, A सेब के रस पीने वाले विद्यार्थियों का समुच्चय तथा B संतरे के रस पीने वाले विद्यार्थियों के समुच्चय को निरूपित करता है।

तो $n(U) = 400,\ n(A) = 100,\ n(B) = 150$ और $n(A \cap B) = 75$

हम $n(A' \cap B')$ ज्ञात करना चाहते हैं।

अब
$$\begin{aligned} n(A' \cap B') &= n(A \cup B)' \\ &= n(U) - n(A \cup B) \\ &= n(U) - n(A) - n(B) + n(A \cap B) \\ &= 400 - 100 - 150 + 75 = 225. \end{aligned}$$

उदाहरण 32 रसायन विज्ञान की कक्षा में 20 विद्यार्थी तथा भौतिकी की कक्षा में 30 विद्यार्थी हैं। निम्नलिखित स्थितियों में उन विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात कीजिए जो या तो भौतिकी की कक्षा में हैं या रसायन विज्ञान की कक्षा में :

(i) दोनों कक्षाएँ एक ही घण्टे में मिलती हैं।

(ii) दोनों कक्षाएँ भिन्न–भिन्न घण्टों में मिलती हैं और 10 विद्यार्थी दोनों पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हैं।

हल मान लीजिए C रसायन विज्ञान की कक्षा के विद्यार्थियों का समुच्चय और P भौतिकी कक्षा के विद्यार्थियों का समुच्चय है। दिया हुआ है कि $n(C) = 20,\ n(P) = 30.$ हमें $n(C \cup P)$ ज्ञात करना है

(i) दोनों कक्षाएँ एक ही घण्टे में मिलती है, का अर्थ है कि

$C \cap P = \phi$, इसलिए $n(C \cup P) = n(C) + n(P) = 50.$

(ii) इस स्थिति में, $n(C \cap P) = 10.$

इसलिए $n(C \cup P) = n(C) + n(P) - n(C \cap P) = 50 - 10 = 40$

उदाहरण 33 एक कक्षा के 25 विद्यार्थियों में से 12 ने गणित लिया है, 8 ने गणित लिया है लेकिन जीवविज्ञान नहीं। उन विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात कीजिए जिन्होनें गणित और जीवविज्ञान लिया है तथा उन विद्यार्थियों की भी संख्या बताइए जिन्होंने जीवविज्ञान लिया है परन्तु गणित नही। प्रत्येक विद्यार्थी ने या तो गणित या जीवविज्ञान या दोनों लिया है।

हल मान लीजिए M उन विद्यार्थियों का समुच्चय है जिन्होंने गणित लिया है तथा B उन विद्याार्थियों का समुच्चय है जिन्होंने जीवविज्ञान लिया है।

हमें दिया हुआ है कि $n(M) = 12$, $n(M - B) = 8$, $n(M \cup B) = 25.$

अब $n(M \cup B) = n(M) + n(B - M).$

इसलिए $25 = 12 + n(B - M).$

अतः $n(B - M) = 13.$

इस प्रकार, उन विद्यार्थियों की संख्या जिन्होंने जीवविज्ञान लिया है लेकिन गणित नहीं = 13.

तथा $n(M \cup B) = n(M - B) + n(M \cap B) + n(B - M)$

इसलिए $25 = 8 + n(M \cap B) + 13$

अर्थात् $n(M \cap B) = 4.$

इस प्रकार, उन विद्यार्थियों की संख्या जिन्होंने गणित और जीवविज्ञान दोनों लिए हैं = 4.

उदाहरण 34 25 विद्यार्थियों के सर्वेक्षण से यह पाया गया कि 15 ने गणित लिया है, 12 ने भौतिकी ली है और 11 ने रसायन विज्ञान लिया है। 5 ने गणित और रसायन लिए, 9 ने गणित और भौतिकी लिए, 4 ने भौतिकी और रसायन लिए तथा 3 ने सभी तीनों विषय लिए थे। उन विद्यार्थियों की संख्या बताइए जिन्होंने (i) केवल रसायन विज्ञान (ii) केवल गणित (iii) केवल भौतिकी (iv) भौतिकी और रसायन विज्ञान लेकिन गणित नहीं (v) गणित और भौतिकी लेकिन रसायन विज्ञान नहीं (vi) केवल एक विषय (vii) तीन में से कम से कम एक विषय (viii) तीनों विषयों में से कोई नहीं, लिए।

हल मान लीजिए M उन विद्यार्थियों का समुच्चय है जिन्होंने गणित लिया है, P उन विद्यार्थियों का समुच्चय है जिन्होंने भौतिकी लिया है और C उन विद्यार्थियों का समुच्चय है जिन्होंने रसायन विज्ञान लिया है। वेन आरेख 1.11 पर विचार कीजिए।

आकृति 1.11

आकृति 1.11 में, a, b, c, d, e, f, g सम्बन्धित क्षेत्रों में अवयवों की संख्या निरूपित करते हैं। दिये आंकड़ों से, हम पाते हैं

$$n(\mathrm{M}) = a + b + d + e = 15$$
$$n(\mathrm{P}) = b + c + e + f = 12$$
$$n(\mathrm{C}) = d + e + f + g = 11$$
$$n(\mathrm{M} \cap \mathrm{P}) = b + e = 9$$
$$n(\mathrm{M} \cap \mathrm{C}) = d + e = 5$$
$$n(\mathrm{P} \cap \mathrm{C}) = e + f = 4$$
$$n(\mathrm{M} \cap \mathrm{P} \cap \mathrm{C}) = e = 3.$$

इसलिए, $b = 6,\ d = 2,\ f = 1,\ a = 4,\ g = 5,\ c = 2.$

इस प्रकार, विभिन्न स्थितियों में विद्यार्थियों की संख्या निम्नवत है :

(i) $g = 5$ (ii) $a = 4$ (iii) $c = 2$

(iv) $f = 1$ (v) $b = 6$ (vi) $g + a + c = 11$

(vii) $a + b + c + d + e + f + g = 23$

(viii) $25 - (a + b + c + d + e + f + g) = 25 - 23 = 2.$

प्रश्नावली 1.5

1. यदि X,Y दो ऐसे समुच्चय हैं कि $n(\mathrm{X}) = 17$, $n(\mathrm{Y}) = 23$ और $n(\mathrm{X} \cup \mathrm{Y}) = 38$, $n(\mathrm{X} \cap \mathrm{Y})$ ज्ञात कीजिए।

2. यदि X और Y दो ऐसे समुच्चय हैं कि $\mathrm{X} \cup \mathrm{Y}$ में 18 अवयव, X में 8 अवयव और Y में 15 अवयव हैं, तो $\mathrm{X} \cap \mathrm{Y}$ में कितने अवयव हैं ?

3. 400 व्यक्तियों के समूह में, 250 हिन्दी बोल सकते हैं और 200 अंग्रेजी बोल सकते हैं। कितने व्यक्ति हिन्दी और अंग्रेजी दोनों बोल सकते हैं?

4. यदि S और T दो समुच्चय ऐसे हैं कि S में 21 अवयव, T में 32 अवयव और $S \cap T$ में 11 अवयव हैं तो $S \cup T$ में कितने अवयव हैं?

5. यदि X और Y दो समुच्चय ऐसे हैं कि X में 40 अवयव, $X \cup Y$ में 60 अवयव और $X \cap Y$ में 10 अवयव हैं तो Y में कितने अवयव हैं?

6. 70 व्यक्तियों के समूह में, 37 कॉफी पसंद करते हैं, 52 चाय पसंद करते हैं और प्रत्येक व्यक्ति दोनों पेयों में से कम से कम एक पसंद करता है। कितने कॉफी और चाय दोनों पसंद करते हैं?

7. 65 व्यक्तियों के समूह में, 40 क्रिकेट पसंद करते हैं, 10 क्रिकेट और टेनिस दोनों पसंद करते हैं। कितने केवल टेनिस पसंद करते हैं क्रिकेट नहीं? कितने टेनिस पसंद करते हैं?

8. एक समिति में 50 फ्रेन्च बोलते हैं, 20 स्पेनिश बोलते हैं और 10 स्पेनिश और फ्रेन्च दोनों बोलते हैं। कितने दोनों भाषाओं में से कम से कम एक बोलते हैं?

9. एक व्यक्तियों के समूह में, 50 अंग्रेजी और हिन्दी दोनों बोलते हैं, और 30 अंग्रेजी बोलते हैं हिन्दी नहीं। सभी व्यक्ति दोनों भाषाओं में से कम से कम एक भाषा बोलते हैं। कितने व्यक्ति अंग्रेजी बोलते हैं?

10. एक सर्वेक्षण से यह पाया गया कि 21 व्यक्तियों ने उत्पाद A पसंद किया, 26 ने उत्पाद B पसंद किया, और 29 ने उत्पाद C पसंद किया। यदि 14 व्यक्तियों ने उत्पादों A और B को पसंद किया, 12 व्यक्तियों ने उत्पादों C और A को पसंद किया, 14 व्यक्तियों ने उत्पादों B और C को पसंद किया और 8 ने सभी तीनों उत्पादों को पसंद किया। बताइए कितने व्यक्तियों ने केवल उत्पाद C पसंद किया।

11. 100 विद्यार्थियों के सर्वेक्षण से विभिन्न भाषाओं का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार पायी गई : केवल अंग्रेजी 18; अंग्रेजी लेकिन हिन्दी नहीं 23; अंग्रेजी और संस्कृत 8; अंग्रेजी 26; संस्कृत 48; संस्कृत और हिन्दी 8; कोई भाषा नहीं 24, तो ज्ञात कीजिए :
   (i) हिन्दी अध्ययन करने वाले कितने विद्यार्थी थे?
   (ii) अंग्रेजी और हिन्दी का अध्ययन करने वाले कितने विद्यार्थी थे?

12. 100 व्यक्तियों के सर्वेक्षण में यह पाया गया कि 28 पत्रिका A पढ़ते हैं, 30 पत्रिका B पढ़ते हैं, 42 पत्रिका C पढ़ते हैं, 8 पत्रिकायें A और B पढ़ते हैं, 10 पत्रिकायें A और C पढ़ते हैं, 5 पत्रिकायें B और C पढ़ते हैं और 3 सभी तीनों पत्रिकायें पढ़ते हैं। ज्ञात कीजिए:
   (i) कितने तीनों पत्रिकाओं में से कोई भी नहीं पढ़ते हैं?
   (ii) कितने केवल C पत्रिका पढ़ते हैं?

विविध उदाहरण

उदाहरण 35 दिखाइए, कि "CATARACT" के वर्णविन्यास के अक्षरों का समुच्चय और "TRACT" के वर्णविन्यास के अक्षरों का समुच्चय समान हैं।

हल मान लीजिए कि X "CATARACT" के अक्षरों का समुच्चय है। तब $X = \{C,A,T,A,R,A,C,T\} = \{C,A,T,R\}$। मान लीजिए Y "TRACT" के अक्षरों का समुच्चय है। तब $Y = \{T,R,A,C,T\} = \{T,R,A,C\}$। चूँकि X का प्रत्येक अवयव Y में है और Y का प्रत्येक अवयव X में है, अतः $X = Y$.

उदाहरण 36 समुच्चय $\{-1,0,1\}$ के सभी उपसमुच्चय बताइए।

हल मान लीजिए कि $A = \{-1,0,1\}$. A का वह उपसमुच्चय जिसमें कोई अवयव न हो रिक्त समुच्चय ϕ है। A के एक अवयव वाले उपसमुच्चय $\{-1\}$, $\{0\}$, $\{1\}$हैं। A के दो अवयव वाले उप समुच्चय $\{-1,0\}$, $\{-1,1\}$, $\{0,1\}$ हैं। A के तीन अवयव वाला उपसमुच्चय A स्वयं ही है। इस प्रकार, A के उपसमुच्चय ϕ, $\{-1\}$, $\{0\}$, $\{1\}$, $\{-1,0\}$, $\{-1,1\}$, $\{0,1\}$, $\{-1,0,1\}$ हैं।

उदाहरण 37 सिद्ध कीजिए कि $A \cup B = A \cap B$ का अर्थ है $A = B$.

हल अब $a \in A$ का अर्थ है $a \in A \cup B$। चूँकि $A \cup B = A \cap B$, $a \in A \cap B$. इस प्रकार, $a \in B$. इसलिए, $A \subset B$. इसी प्रकार, $b \in B$ का अर्थ है $b \in A \cup B$, चूँकि $A \cup B = A \cap B$, $b \in A \cap B$. इस प्रकार $b \in A$. इसलिए, $B \subset A$. इस प्रकार, $A = B$.

उदाहरण 38 मान लीजिए दो समुच्चय A, B है तो सिद्ध कीजिए कि $(A - B) \cup B = A$ यदि और केवल यदि $B \subset A$.

हल मान लीजिए $A = (A-B) \cup B$. तब $A = (A \cap B') \cup B$. दोनों पक्षों का पूरक लेने पर, $A' = (A' \cup B) \cap B' = (A' \cap B') \cup (B \cap B') = (A' \cap B')$।

इस प्रकार, $A' \subset B'$, इसलिए, $B \subset A$.

विलोमतः, मान लीजिए $B \subset A$. तब

$(A - B) \cup B = (A \cap B') \cup B = B \cup (A \cap B') = (B \cup A) \cap (B \cup B') = A \cap U = A$,

क्योंकि $B \subset A$, $A \cup B = A$.

उदाहरण 39 सिद्ध कीजिए, यदि $A \cup B = C$ और $A \cap B = \phi$, तब $A = C - B$.

हल हमें ज्ञात है कि

$$\begin{aligned}
C - B = (A \cup B) - B &= (A \cup B) \cap B' \\
&= B' \cap (A \cup B) \\
&= (B' \cap A) \cup (B' \cap B) \\
&= (B' \cap A) \cup \phi \\
&= B' \cap A = A \cap B' \\
&= A - B = A \text{ (क्योंकि } A \cap B = \phi).
\end{aligned}$$

उदाहरण 40 समुच्चयों A, B के लिए सिद्ध कीजिए : $P(A \cap B) = P(A) \cap P(B)$.

हल मान लीजिए $X \in P(A \cap B)$। तब $X \subset A \cap B$. अतः $X \subset A$ और $X \subset B$। इसलिए, $X \in P(A)$, $X \in P(B)$ जिसका अर्थ है कि $X \in P(A) \cap P(B)$. इससे

$$P(A \cap B) \subset P(A) \cap P(B).$$ प्राप्त होता है

मान लीजिए $Y \in P(A) \cap P(B)$ तब $Y \in P(A)$ और $Y \in P(B)$. अतः $Y \subset A$ और $Y \subset B$. इसलिए, $Y \subset A \cap B$ जिसका अर्थ है कि $Y \in P(A \cap B)$, इससे प्राप्त होता है कि

$$P(A) \cap P(B) \subset P(A \cap B).$$

इसप्रकार $P(A \cap B) = P(A) \cap P(B)$.

उदाहरण 41 एक बाजार अनुसंधान समूह ने 1000 उपभोक्ताओं का सर्वेक्षण किया और सूचित किया कि 720 उपभोक्ताओं ने उत्पाद A पसंद किया और 450 उपभोक्ताओं ने उत्पाद B पसंद किया। उपभोक्ताओं की कम से कम क्या संख्या है जिन्होंने दोनों उत्पादों को पसंद किया?

हल मान लीजिए सर्वेक्षित उपभोक्ताओं का समुच्चय U है, S उन उपभोक्ताओं का समुच्चय है जिन्होंने उत्पाद A पसंद किया और T उन उपभोक्ताओं का समुच्चय है जिन्होंने उत्पाद B पसंद किया। दिया हुआ है कि $n(U) = 1000$, $n(S) = 720$, $n(T) = 450$.

इस प्रकार $n(S \cup T) = n(S) + n(T) - n(S \cap T) = 1170 - n(S \cap T)$

इसलिए $n(S \cap T)$ कम से कम है जब कि $n(S \cup T)$ अधिकतम हैं।

लेकिन $S \cup T \subset U$ का अर्थ है कि $n(S \cup T) \leq n(U) = 1000$.

अतः $n(S \cup T)$ का अधिकतम मान $= 1000$ तथा $n(S \cap T)$ का न्यूनतम मान $= 170$.

अतः कम से कम उन उपभोक्ताओं की संख्या 170 है जिन्होंने दोनों उत्पादों को पसंद किया।

उदारहण 42 500 कार मालिकों से जानकारी ली गई, तो पाया गया कि 400 कार A के मालिक थे और 200 कार B के; 50 दोनों कारों के मालिक थे। क्या यह आंकड़े सत्य हैं?

हल मान लीजिए जानकारी लिए जाने वाले मालिकों का समुच्चय U है, M उन व्यक्तियों का समुच्चय है जो कार A के मालिक हैं और S उन व्यक्तियों का समुच्चय है जो कार B के मालिक हैं।

दिया हुआ है कि $n(U) = 500$, $n(M) = 400$, $n(S) = 200$ and $n(S \cap M) = 50$

तब $n(S \cup M) = n(S) + n(M) - n(S \cap M) = 550$.

परन्तु $S \cup M \subset U$ का अर्थ है $n(S \cup M) \leq n(U) = 500$.

यह एक विरोधाभास है इसलिए, दिये गए आंकड़े असत्य हैं।

उदाहरण 43 एक कालिज ने फुटबाल में 38 पदक, बास्केटबाल में 15 पदक और क्रिकेट में 20 पदक पुरष्कृत किए। यदि ये पदक कुल 58 मनुष्यों को दिये गए और केवल तीन व्यक्तियों को तीनों खेलों में पदक मिले, बताइए कितनों ने तीन खेलों में से ठीक दो में पदक प्राप्त किए?

हल मान लीजिए F, B, तथा C उन व्यक्तियों के समुच्चयों को निरूपित करते हैं जिन्होंने क्रमशः फुटबाल, बास्केटबाल और क्रिकेट में पदक प्राप्त किए।

तब $n(\text{F}) = 38$, $n(\text{B}) = 15$, $n(\text{C}) = 20$, $n(\text{F} \cup \text{B} \cup \text{C}) = 58$ तथा $n(\text{F} \cap \text{B} \cap \text{C}) = 3$.

इसलिए, $n(\text{F} \cup \text{B} \cup \text{C}) = n(\text{F}) + n(\text{B}) + n(\text{C}) - n(\text{F} \cap \text{B}) - n(\text{F} \cap \text{C}) - n(\text{B} \cap \text{C})$

$$+ n(\text{F} \cap \text{B} \cap \text{C})$$

का अर्थ है $n(\text{F} \cap \text{B}) + n(\text{F} \cap \text{C}) + n(\text{B} \cap \text{C}) = 18$.

आकृति 1.12 में दिए वेन आरेख पर विचार कीजिए

आकृति 1.12

यहाँ a उन व्यक्तियों की संख्या को निरूपित करता है जिन्होंने केवल फुटबाल और बास्केटबाल में पदक प्राप्त किए, b उन व्यक्तियों की संख्या को निरूपित करता है जिन्होंने केवल फुटबाल और क्रिकेट में पदक प्राप्त किए और c उन व्यक्तियों की संख्या को निरूपित करता है जिन्होंने केवल बास्केटबाल और क्रिकेट में पदक प्राप्त किए तथा d उन व्यक्तियों की निरूपित करता है जिन्होंने तीनों में पदक प्राप्त किए हैं :

इसलिए $d = n(\text{F} \cap \text{B} \cap \text{C}) = 3$ और $a + d + b + d + c + d = 18$.

अतः $a + b + c = 9$, जो उन व्यक्तियों की संख्या है जिन्होंने तीन खेलों में से ठीक दो में पदक प्राप्त किए।

अध्याय 1 पर विविध प्रश्नावली

1. निम्नलिखित समुच्चयों में से, कौन किसका उपसमुच्चय है, इसका निर्णय कीजिए :

$A = \{x^2 - 8x + 12 = 0$ को सन्तुष्ट करने वाली सभी वास्तविक संख्याएँ$\}$,

$B = \{2,4,6\}$

$C = \{2,4,6,8,\dots\}$

$D = \{6\}$

2. सिद्ध कीजिए $A \subset \phi$ का अर्थ है $A = \phi$

3. ज्ञात कीजिए कि निम्नलिखित में से प्रत्येक कथन सत्य है या असत्य। यदि सत्य है, तो सिद्ध कीजिए। यदि असत्य है, तो एक उदाहरण दीजिए।

(i) यदि $x \in A$ और $A \in B$, तब $x \in B$

(ii) यदि $A \subset B$ और $B \in C$, तब $A \in C$

(iii) यदि $A \subset B$ और $B \subset C$, तब $A \subset C$

(iv) यदि $A \not\subset B$ और $B \not\subset C$, तब $A \not\subset C$

(v) यदि $x \in A$ और $A \not\subset B$, तब $x \in B$

(vi) यदि $A \subset B$ और $x \notin B$, तब $x \notin A$

4. मान लीजिए B, A का उपसमुच्चय है और मान लीजिए

$P(A:B) = \{X \in P(A) \mid X \supset B\}$.

(i) मान लीजिए $B = \{a,b\}$ और $A = \{a,b,c,d\}$। समुच्चय P(A:B) के सभी सदस्यों की सूची बनाइए।

(ii) दिखाइए कि $P(A:\phi) = P(A)$.

5. मान लीजिए कि A, B और C ऐसे समुच्चय हैं कि $A \cup B = A \cup C$ और $A \cap B = A \cap C$, तो दिखाइए कि $B = C$.

6. दिखाइए कि निम्नलिखित चार प्रतिबन्ध तुल्य हैं :

(i) $A \subset B$ (ii) $A - B = \phi$ (iii) $A \cup B = B$ (iv) $A \cap B = A$.

7. दिखाइए कि यदि $A \subset B$, तब $C - B \subset C - A$ है।

8. कल्पना कीजिए कि $P(A) = P(B)$ तो सिद्ध कीजिए $A = B$ है।

9. किन्हीं दो समुच्चयों A और B के लिए, क्या $P(A) \cup P(B) = P(A \cup B)$ सत्य है? अपने उत्तर का औचित्य बताइए।

10. समुच्चय A और B के लिए, दिखाइए कि
$A = (A \cap B) \cup (A - B)$ और $A \cup (B - A) = A \cup B$

11. समुच्चय के गुणधर्मों का प्रयोग करके सिद्ध कीजिए।
(i) $A \cup (A \cap B) = A$ (ii) $A \cap (A \cup B) = A$.

12. दिखाइए कि $A \cap B = A \cap C$ का अर्थ $B = C$ आवश्यक नहीं है।

13. मान लीजिए A, B समुच्चय हैं। यदि किसी समुच्चय X के लिए $A \cap X = B \cap X = \phi$ और $A \cup X = B \cup X$, तो सिद्ध कीजिए $A = B$.
(संकेत : $A = A \cap (A \cup X)$, $B = B \cap (B \cup X)$ और बंटन नियम का प्रयोग कीजिए)

14. ऐसे समुच्चय A, B तथा C ज्ञात कीजिए ताकि $A \cap B$, $A \cap C$ और $B \cap C$ अरिक्त समुच्चय हों और $A \cap B \cap C = \phi$ है।

15. एक विद्यालय के 600 विद्यार्थियों के सर्वेक्षण से 150 विद्यार्थी चाय पीने वाले, 225 कॉफी पीने वाले और 100 चाय तथा कॉफी, दोनों पीने वाले पाए गए। ज्ञात कीजिए कि कितने विद्यार्थी न तो चाय पीते हैं और न कॉफी।

16. एक विद्यार्थियों के समूह में, 100 विद्यार्थी हिन्दी जानते हैं, 50 अंग्रेजी जानते हैं और 25 दोनों जानते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी या तो हिन्दी जानता है या अंग्रेजी। विद्यार्थियों के समूह में कुल कितने विद्यार्थी हैं?

17. 60 व्यक्तियों के सर्वेक्षण से यह पाया गया कि 25 व्यक्ति समाचार पत्र H पढ़ते हैं, 26 समांचार पत्र T पढ़ते हैं, 26 समाचार पत्र I पढ़ते हैं, 9, H और I दोनो पढ़ते हैं, 11, H और T दोनों पढ़ते हैं, 8, T और I दोनों पढ़ते हैं तथा 3 सभी तीनों समाचार पत्र पढ़ते हैं।
(i) उन व्यक्तियों की संख्या ज्ञात कीजिए जो कम से कम एक समाचार पत्र पढ़ते हैं।
(ii) उन व्यक्तियों की संख्या भी ज्ञात कीजिए जो केवल एक समाचार पत्र पढ़ते हैं।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

जर्मन गणितज्ञ **जार्ज कैन्टर (Georg Cantor)** (1845–1918 ई.) को समुच्चय के आधुनिक सिद्धान्त के अधिकांश भाग का जन्मदाता समझा जाता है। समुच्चय सिद्धान्त पर उनके शोध पत्र 1874 ई. से 1897 ई. के मध्य प्रकाश में आये। उनका समुच्चय सिद्धान्त का अध्ययन उस समय प्रगट हुआ जब वह $a_1\sin x + a_2\sin 2x + a_3\sin 3x + \ldots$ के रूप की त्रिकोणमितीय श्रेणी का अध्ययन कर रहे थे। उनका एक शोध पत्र 1874 ई. में प्रकाशित हुआ कि वास्तविक संख्याओं के समुच्चय को पूर्णांकों के साथ एक–एक संगतता में नही रखा जा सकता है। 1879 के उत्तरार्द्ध में अमूर्त (abstract) समुच्चयों के विभिन्न गुणधर्मों को दिखाते हुए उनके अनेक शोधपत्र प्रकाशित हुए।

कैन्टर के शोधकार्य को एक दूसरे विख्यात गणितज्ञ **रिचर्ड डेडीकाइन्ड (Richard Dedekind)** (1831-1916 ई.) ने प्रशंसनीय ढंग से स्वीकार किया। लेकिन **क्रोनेकर (Kronecker)** (1810-1893 ई.) ने अनन्त समुच्चयों को परिमित समुच्चयों के ढंग से लेने के लिए उनकी भर्त्सना की। एक दूसरे जर्मन गणितज्ञ **गौटलौब फ्रेज (Gottlob Frege)** नें शताब्दी की समाप्ति पर समुच्चय सिद्धान्त को तर्क के सिद्धान्त के रूप में प्रस्तुत किया। उस समय तक सम्पूर्ण समुच्चय सिद्धान्त सभी समुच्चयों के समुच्चय के अस्तित्व की कल्पना पर आधारित था। यह विख्यात अंग्रेज दार्शनिक **बर्टेण्ड रसल (Bertand Russel)** (1872-1970 ई.) थे जिन्होंने 1902 ई. में दिखाया कि सभी समुच्चयों के समुच्चय के अस्तित्व की कल्पना एक विरोधाभास को जन्म देती है। इससे विख्यात रसल का पैराडॉक्स प्राप्त होता है। **पाल आर. हाल्मोस (Paul R. Halmos)** अपनी पुस्तक Naive Set Theory में यह लिखते हैं कि "कुछ नहीं में सब कुछ है"

रसल पैराडॉक्स की सरलता और सीधापन (Directness) के बोध से फ्रेज या कैन्टर द्वारा प्रस्तावित समुच्चय सिद्धान्त पर आधारित मूल गणित नष्ट होता प्रतीत होने लगा।

रसल का पैराडॉक्स ही अकेला नहीं था जो समुच्चय सिद्धान्त में आया। अनेक गणितज्ञों और तर्कशास्त्रियों ने बाद में अनेक पैराडॉक्स प्रस्तुत किये। इन सभी पैराडॉक्सों के परिणाम स्वरूप समुच्चय का पहला अभिगृहीतिकरण 1908 ई० में अर्नस्त जेरमेलो द्वारा प्रकाशित किया गया। 1922 ई० में अब्राहम फ्रेन्केल ने एक दूसरा प्रस्ताव भी दिया। 1925 ई० में जॉन वोन न्यूमैन ने नियमतीकरण का अभिगृहीत स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। तत्पश्चात 1937 ई० में पाल वर्नेस ने अत्यधिक संतोषजनक अभिगृहीतिकरण प्रस्तुत किया। इन अभिगृहीतों में सुधार कुर्ट गोडेल ने 1940 ई० में अपने मोनोग्राफ में किया। जिसे वोन न्यूमैन–वर्नेस (VNB) या गोडेल वर्नेस–सिद्धान्त कहा जाता था।

इन सभी कठिनाइयों के बावजूद, कैन्टर के समुच्चय सिद्धान्त को वर्तमान गणित में प्रयोग किया जाता है। वास्तव में, आजकल गणित के अधिकतर परिणामों और संकल्पनाओं को समुच्चय की भाषा में प्रस्तुत किया जाता है।

संबंध एवं फलन (RELATIONS AND FUNCTIONS)

अध्याय 2

2.1 भूमिका

अपने दैनिक जीवन में, हम बहुत से संबंधों को जानते हैं जैसे पिता और पुत्र, भाई और बहन, अध्यापक और विद्यार्थी का इत्यादि। गणित में भी हमें कुछ ऐसे संबंध मिलते हैं, जैसे (i) A, B का उपसमुच्चय है, (ii) रेखा l, रेखा m के समान्तर है, (iii) संख्या m, संख्या n से छोटी है। इन सभी सम्बंधों में हम देखते हैं कि वस्तुओं का युग्म निश्चित क्रम में होता है। इस अध्याय में हम गणितीय संबंधों और फलनों के विषय में अध्ययन करेंगे।

2.2 समुच्चयों का कार्तीय (Cartesian) गुणन

मान लीजिए A, B दो समुच्चय हैं। यदि $a \in A, b \in B$ तब (a, b) एक कमित युग्म *(ordered pair)* निरूपित करता है। जिसका प्रथम घटक a और द्वितीय घटक b है। दो क्रमित युग्म (a, b) और (c, d) समान कहलायेंगे यदि और केवल यदि $a = c$ और $b = d$.

एक क्रमित युग्म (a, b) के कोष्ठक में अवयव a तथा b जिस क्रम में हैं, वह महत्वपूर्ण है। इस प्रकार यदि $a \neq b$, तो (a, b) और (b, a) दो भिन्न क्रमित युग्म हैं तथा एक क्रमित युग्म (a, b) और समुच्चय $\{a, b\}$ एक समान नहीं हैं।

परिभाषा 1 $a \in A$, $b \in B$ अवयवों के सभी क्रमित युग्मों (a, b) का समुच्चय, समुच्चयों A और B का कार्तीय गुणन *(Cartesian Product)* कहलाता है और इसे $A \times B$ द्वारा निरूपित किया जाता है। इस प्रकार,

$$A \times B = \{(a, b) : a \in A, b \in B\}.$$

मान लीजिए $A = \{a_1, a_2\}$, $B = \{b_1, b_2, b_3\}$. $A \times B$ के अवयवों को लिखने के लिए, $a_1 \in A$ लीजिए और B के सभी अवयवों को a_1 के साथ लिखिए, अर्थात् $(a_1, b_1), (a_1, b_2), (a_1, b_3)$। अब $a_2 \in A$ लीजिए और B के सभी अवयवों को a_2 के साथ लिखिए, अर्थात् $(a_2, b_1), (a_2, b_2), (a_2, b_3)$। अतः $A \times B$ में छः अवयव नामतः $(a_1, b_1), (a_1, b_2), (a_1, b_3), (a_2, b_1), (a_2, b_2), (a_2, b_3)$ होंगे।

टिप्पणी

(i) यदि $A = \phi$ या $B = \phi$, तो $A \times B = \phi$

(ii) यदि $A \neq \phi$ और $B \neq \phi$, तो $A \times B \neq \phi$ इस प्रकार, $A \times B \neq \phi$ यदि और केवल यदि $A \neq \phi$ और $B \neq \phi$, तथा $A \times B \neq B \times A$

(iii) यदि समुच्चय A में m अवयव हैं और समुच्चय B में n अवयव हैं तो $A \times B$ में mn अवयव हैं।

(iv) यदि A और B अरिक्त समुच्चय हैं और या तो A या B अन्नत समुच्चय हों तो $A \times B$ अनन्त समुच्चय होगा।

(v) यदि $A = B$, तब $A \times B$ को A^2 द्वारा व्यक्त किया जाता है।

(vi) हम क्रमित त्रिकों (ordered triplets) को भी इसी प्रकार परिभाषित कर सकते हैं। यदि A,B,C तीन समुच्चय हैं, तब (a, b, c), जहाँ $a \in A$, $b \in B$, $c \in C$, एक *क्रमित त्रिक* कहलाता है। समुच्चयों A,B और C का कार्त्तीय गुणन $A \times B \times C = \{(a, b, c) : a \in A, b \in B, c \in C\}$ के रूप में परिभाषित किया जाता है। एक क्रमित–युग्म और क्रमित त्रिक को क्रमशः 2- टपिल तथा 3- टपिल भी कहा जाता है। व्यापक रूप में, यदि $A_1, A_2, \ldots, A_n$, n समुच्चय हों, तब $(a_1, a_2, \ldots, a_n)$ को n-टपिल कहते हैं जहाँ $a_i \in A_i$, $i = 1, 2, \ldots, n$ और ऐसी सभी n-टपिल के समुच्चय को $A_1, A_2, \ldots, A_n$ का कार्त्तीय गुणन कहा जाता है। इसे $A_1 \times A_2 \times \ldots \times A_n$ से निरूपित किया जाता है। इस प्रकार,

$$A_1 \times A_2 \times \ldots \times A_n = \{(a_1, a_2, \ldots, a_n) : a_i \in A_i, 1 \leq i \leq n\}.$$

उदाहरण 1 x और y ज्ञात कीजिए यदि $(x + 2, 4) = (5, 2x + y)$.

हल क्रमित युग्मों के समान होने की परिभाषा से

$$x + 2 = 5 \quad (1)$$

$$2x + y = 4 \quad (2)$$

(1) और (2) को हल करने पर, हम पाते हैं $x = 3$, $y = -2$.

उदाहरण 2 मान लीजिए $A = \{1, 2, 3\}$, $B = \{4, 5\}$. $A \times B$ और $B \times A$ ज्ञात कीजिए और दिखाइए कि $A \times B \neq B \times A$

हल $A \times B = \{(1, 4), (1, 5), (2, 4), (2, 5), (3, 4), (3, 5)\}$

और $B \times A = \{(4, 1), (4, 2), (4, 3), (5, 1), (5, 2), (5, 3)\}$

$(1, 4) \in A \times B$ और $(1, 4) \notin B \times A$ इसलिए $A \times B \neq B \times A$.

उदाहरण 3 मान लीजिए $A = \{1, 2, 3\}$, $B = \{3,4\}$, $C = \{4,5,6\}$. निम्न ज्ञात कीजिए

(i) $A \times (B \cap C)$ (ii) $(A \times B) \cap (A \times C)$

(iii) $A \times (B \cup C)$ (iv) $(A \times B) \cup (A \times C)$

हल (i) $B \cap C = \{4\}$. इसलिए, $A \times (B \cap C) = \{(1, 4), (2, 4), (3, 4)\}$

(ii) $A \times B = \{(1, 3), (1, 4), (2, 3), (2, 4), (3, 3), (3, 4)\}$

और $A \times C = \{(1, 4), (1, 5), (1, 6), (2, 4), (2, 5), (2, 6), (3, 4), (3, 5), (3, 6)\}$

इसलिए, $(A \times B) \cap (A \times C) = \{(1, 4), (2, 4), (3, 4)\}$

(iii) $B \cup C = \{3, 4, 5, 6\}$, इसलिए

$A \times (B \cup C) = \{(1, 3), (1, 4), (1, 5), (1, 6), (2, 3), (2, 4), (2, 5), (2, 6), (3, 3), (3, 4), (3, 5), (3, 6)\}$

(iv) (ii) से हम देखते हैं कि

$(A \times B) \cup (A \times C) = \{(1, 3),(1, 4),(1, 5),(1, 6), (2, 3),(2, 4), (2, 5), (2, 6), (3, 3), (3, 4), (3, 5), (3, 6)\}$

हम यह भी प्राप्त करते हैं कि

$$A \times (B \cap C) = (A \times B) \cap (A \times C)$$

और $$A \times (B \cup C) = (A \times B) \cup (A \times C).$$

उदाहरण 4 मान लीजिए A और B दो समुच्चय ऐसे हैं कि $n(A) = 5$ और $n(B) = 2$. यदि $(a_1, 2), (a_2, 3), (a_3, 2), (a_4, 3), (a_5, 2)$, $A \times B$ में हैं और a_1, a_2, a_3, a_4 और a_5 भिन्न–भिन्न हैं, तो A और B ज्ञात कीजिए।

हल चूँकि $a_1, a_2, a_3, a_4, a_5 \in A$ और $n(A) = 5$, $A = \{a_1, a_2, a_3, a_4, a_5\}$ तथा $2, 3 \in B$ और $n(B) = 2$, इसलिए $B = \{2,3\}$

उदाहरण 5 यदि A, B दो अरिक्त समुच्चय ऐसे हैं कि $A \times B = B \times A$, दिखाइए कि $A = B$.

हल मान लीजिए $a \in A$ चूँकि $B \neq \phi$, $b \in B$ का अस्तित्व है। अब $(a, b) \in A \times B = B \times A$ इस प्रकार $a \in B$ इसलिए, A का प्रत्येक अवयव B में है। हम पाते हैं $A \subset B$। इसी प्रकार, $B \subset A$ है। अतः $A = B$

प्रश्नावली 2.1

1. x और y ज्ञात कीजिए, यदि $(2x, x + y) = (6, 2)$

2. मान लीजिए $A = \{a, b, c\}$, $B = \{p, q\}$, निम्न ज्ञात कीजिए

(i) $A \times B$ (ii) $B \times A$ (iii) $A \times A$ (iv) $B \times B$.

3. मान लीजिए $A = \{1,2,3\}$, $B = \{2,3,4\}$ और $C = \{4,5\}$. निम्न सत्यापित्र कीजिए
(i) $A \times (B \cap C) = (A \times B) \cap (A \times C)$
(ii) $A \times (B \cup C) = (A \times B) \cup (A \times C)$

4. मान लीजिए $A = \{1,2,3\}$, $B = \{4\}$ और $C = \{5\}$ है। निम्न सत्यापित कीजिए
(i) $A \times (B \cup C) = (A \times B) \cup (A \times C)$
(ii) $A \times (B - C) = (A \times B) - (A \times C)$

5. मान लीजिए $A = \{1,2,3,4\}$ है तथा $S = \{(a, b) : a \in A, b \in A, a , b$ को विभाजित करता है$\}$, तो S को स्पष्ट रूप से लिखिए।

6. मान लीजिए $A = \{1,2\}$, $B = \{3,4\}$ है। $A \times B$ के सभी उपसमुच्चय लिखिए।

7. मान लीजिए A और B दो ऐसे समुच्चय हैं कि $n(A) = 3$, $n(B) = 2$ यदि $(x, 1), (y, 2), (z, 1)$, $A \times B$ में हैं, तो A और B ज्ञात कीजिए जहाँ x, y, z भिन्न–भिन्न अवयव हैं।

8. मान लीजिए $A = \{1,2\}$, $B = \{1,2,3,4\}$, $C = \{5,6\}$, $D = \{5,6,7,8\}$ सत्यापित कीजिए कि $A \times C \subset B \times D$

9. मान लीजिए A एक ऐसा अरिक्त समुच्चय है कि $A \times B = A \times C$ है, तो दिखाइए कि $B = C$

10. कार्त्तीय गुणनफल $A \times A$ में 9 अवयव हैं जिनमें $(-1, 0)$ और $(0, 1)$ भी पाये गये। समुच्चय A तथा $A \times A$ के शेष अवयवों को ज्ञात कीजिए।

2.3 संबंध

इस अनुभाग में, दो समुच्चयों के बीच में संबंधों का अध्ययन करेंगे। हम A से B में संबंध को निम्न प्रकार से परिभाषित करेंगे :

परिभाषा 2 मान लीजिए A और B दो समुच्चय हैं। A से B में संबंध $A \times B$ का एक उपसमुच्चय होता है।

मान लीजिए A से B में R एक संबंध है। यदि $(a, b) \in R$ है तो हम कहते हैं कि a और b में R संबंध है या a, R के सापेक्ष b से संबंधित है। हम $(a ,b) \in R$ को aRb भी लिखते हैं। उन सभी अवयवों $a \in A$ का समुच्चय जबकि किसी $b \in B$ के लिए $(a, b) \in R$ हो, R का प्रान्त या डोमेन (*domain*) कहलाता है। इस प्रकार, R का प्रांत $= \{a \in A : (a, b) \in R$ किसी $b \in B$ के लिए$\}$ इसी प्रकार R का परिसर $= \{ b \in B : (a, b) \in R,$ किसी $a \in A$ के लिए$\}$ द्वारा परिभाषित होता है जो B का उपसमुच्चय है। B को R का सह प्रान्त (*co-domain*) कहते हैं।

यदि समुच्चय A का स्वयं से संबंध हो तो R को A पर संबंध कहा जाता है। इस स्थिति में, R, $A \times A = A^2$ का उपसमुच्चय है। कल्पना कीजिए R, A से B में एक संबंध है। यदि $R = \phi$, तब R रिक्त संबंध (*empty relation*) कहलाता है। यदि $R = A \times B$, तब R सार्वत्रिक संबंध (*universal relation*) कहलाता है।

उदाहरण 6 मान लीजिए $A = \{1, 2, 3, 4, 5\}$, $B = \{2, 4, 6, 8, 10\}$ हैं। मान लीजिए $R = \{(a, b) : a \in A, b \in B, a, b$ को विभाजित करता है$\}$ A और B में संबंध है। R ज्ञात कीजिए। दिखाइए कि R का प्रान्त A है और R का परिसर B है।

हल $R = \{(1,2), (1,4), (1,6), (1,8), (1,10), (2, 2), (2,4), (2,6), (2,8), (2,10), (3,6), (4,4), (4,8), (5,10)\}$. R का प्रान्त $= \{1,2,3,4,5\} = A$ क्योंकि $(1,2), (2,4), (3,6), (4,8), (5,10) \in R$ और R का परिसर $= \{2,4,6,8,10\} = B$ है क्योंकि $(1,2), (2, 2), (2,4), (3,6), (4,8), (5,10) \in R$

उदाहरण 7 मान लीजिए प्राकृत संख्याओं के समुच्चय **N** पर संबंध R, $a + 3b = 12$ से परिभाषित है। निम्न ज्ञात कीजिए,

(i) R,

(ii) R का प्रान्त और

(iii) R का परिसर।

हल (i) $R = \{(a, b) : a \in \mathbf{N}, b \in \mathbf{N}, a + 3b = 12\}$

$= \{(9, 1), (6, 2), (3, 3)\}$

यहाँ, हम $b = 1, 2$ और 3 लेते हैं। जब $b > 3$ तब a, 0 या ऋणात्मक होता है जो संभव नहीं है।

(ii) R का प्रान्त $= \{9, 6, 3\}$

(iii) R का परिसर $= \{1, 2, 3\}$

उदाहरण 8 मान लीजिए

$A = \{3, 5\}$, $B = \{7, 11\}$ है तथा संबंध $R = \{(a, b) : a \in A, b \in B, a-b$ विषम है$\}$। दिखाइए कि R, A से B में रिक्त संबंध है।

हल चूँकि (3–7),(3–11), (5–7), (5–11) विषम संख्याएँ नहीं है, R एक रिक्त संबंध है।

समुच्चय A से समुच्चय B में संबंध को हम तीर आरेख (arrow diagram) द्वारा प्रदर्शित कर सकते हैं। मान लीजिए $A = \{1,2,3\}$, $B = \{4,5\}$ तो A से B में संबंध $R = \{(2,4), (2,5), (3,5)\}$, आकृति 2.1 के अनुसार प्रदर्शित किया जायेगा।

आकृति 2.1

हम R को सारणिक रूप में निम्न प्रकार भी प्रदर्शित कर सकते हैं :

R	4	5
1	0	0
2	1	1
3	0	1

यहाँ, इस प्रचलन का अनुसरण करेंगे कि यदि $(a, b) \in R$, तो हम 1 लिखते हैं और यदि $(a, b) \notin R$, हम 0 लिखते हैं।

चूँकि $(1,4) \notin R$, हम 1 रखने वाली पंक्ति और 4 रखने वाले स्तम्भ में 0 लिखते हैं चूँकि $(2,4) \in R$, हम 2 रखने वाली पंक्ति और 4 रखने वाले स्तम्भ में 1 लिखते हैं। आरेख के अन्य सदस्यों के लिए भी इसी प्रकार की व्याख्या प्रभावी है।

समुच्चय A से समुच्चय B में संबंधों की संख्या $A \times B$ के उपसमुच्चयों की संख्या है।

उदाहरण 9 मान लीजिए $A = \{1,2\}$, $B = \{3,4\}$, A से B में संबंधों की संख्या ज्ञात कीजिए।

हल $A \times B = \{(1,3), (1,4), (2,3), (2,4)\}$.

चूँकि $n(A \times B) = 4$, $A \times B$ के उपसमुच्चयों की संख्या 2^4 है। इसलिए A से B में संबंधों की संख्या 16 है।

प्रश्नावली 2.2

1. मान लीजिए $A = \{1,2,3,4\}$, $B = \{x, y, z\}$ है। मान लीजिए A से B में संबंध $R = \{(1, x), (1, z), (3, x), (4, y)\}$ से परिभाषित है। R के प्रान्त तथा परिसर ज्ञात कीजिए।

2. प्रश्न 1 में संबंध R का तीर आरेख खींचिए।

3. प्रश्न 1 में R को सारणी रूप में प्रदर्शित कीजिए।

4. मान लीजिए $A = \{1,2,3,4,6\}$ है। मान लीजिए A पर संबंध $R = \{(a,b) : a \in A, b \in A, a, b$ को विभाजित करता है$\}$ से परिभाषित है। ज्ञात कीजिए (i) R, (ii) R का प्रान्त, (iii) R का परिसर।

5. मान लीजिए **Z** पर संबंध R, aRb यदि और केवल यदि $a - b$ एक समपूर्णांक है, से परिभाषित है। ज्ञात कीजिए (i) R (ii) R का प्रान्त, (iii) R का परिसर।

6. मान लीजिए **Z** पर R संबंध $R = \{(a, b) : a \in \mathbf{Z}, b \in \mathbf{Z}, a^2 = b^2\}$ से परिभाषित है। ज्ञात कीजिए (i) R (ii) R का प्रान्त, (iii) R का परिसर।

7. संबंध R का प्रान्त तथा परिसर ज्ञात कीजिए यदि

$R = \{(x + 1, x + 5) : x \in \{0, 1, 2, 3, 4, 5\}\}$ से परिभाषित है।

8. संबंध R का प्रान्त तथा परिसर ज्ञात कीजिए जहाँ

$R = \{(x, x^3) : x$, 10 से कम एक अभाज्य संख्या है$\}$

9. निम्नलिखित संबंधों के प्रान्त एवं परिसर ज्ञात कीजिए :

(i) $\{(1, 2), (1, 4), (1, 6), (1, 8)\}$

(ii) $\{(x, y) : x \in \mathbf{N}, y \in \mathbf{N}$ और $x + y = 10\}$

(iii) $\{(x, y) : x \in \mathbf{N}, x < 5, y = 3\}$

(iv) $\{(x, y) : y = |x - 1|, x \in \mathbf{Z}$ और $|x| \leq 3\}$

10. मान लीजिए $A = \{1, 2\}$ है। A पर सभी संबंधों को सूचीबद्ध कीजिए।

11. मान लीजिए $A = \{x, y, z\}, B = \{1, 2\}$ हैं। A से B में संबंधों की संख्या ज्ञात कीजिए।

2.4 फलन (Functions)

इस अनुभाग में हम विशिष्ट प्रकार के संबंध का अध्ययन करेंगे, जिसे फलन (Function) कहते हैं। अंग्रेजी शब्द "Function" एक लैटिन शब्द, जिसका अर्थ 'संक्रिया', से व्युत्पन्न है। इस प्रकार, जब हम एक दिए धन पूर्णांक x को दुगना करते हैं, हम सोचते हैं कि एक पूर्णांक x पर एक सम पूर्णांक $2x$ पाने के लिए संक्रिया की गई है। इसलिए, हम फलन को एक नियम के रूप में देखते हैं, जिससे कुछ दी हुई संख्याओं से नयी संख्याएँ उत्पन्न होती हैं। फलन को निरूपित करने के लिए अनेक पद जैसे 'प्रतिचित्र' (map), 'प्रतिचित्रण' (mapping) का प्रयोग करते हैं। हम विभिन्न प्रकार के फलनों यथा एकैकी (one-to-one), आच्छादक (onto), तत्समक फलन (Identity function) और अचर फलन (Constant function) का अध्ययन करेंगे।

परिभाषा 3 फलन f एक अरिक्त समुच्चय A से एक अरिक्त समुच्चय B में एक संबंध है यदि f का प्रान्त A है और f के दो क्रमित युग्मों में प्रथम अवयव एक समान नहीं हैं। दूसरे शब्दों में, समुच्चय A से समुच्चय B में एक फलन f, समुच्चय A से समुच्चय B में एक संबंध है यदि प्रत्येक अवयव $a \in A$ के लिए अद्वितीय $b \in B$ का अस्तित्व है ताकि $(a,b) \in f$ है।

यदि f, A से B में फलन है, तब हम लिखतें हैं कि $(a,b) \in f$ या $f(a) = b$ जहाँ $a \in A$, $b \in B$, b को f के अन्तर्गत a का 'प्रतिबिम्ब' कहते हैं और a को f के अन्तर्गत b का 'पूर्व प्रतिबिम्ब' कहते हैं। फलन A से B को $f : A \to B$ से निरूपित करते हैं।

परिभाषा 4 यदि f, A से B में एक फलन है, तब f का परिसर $\{f(a) : a \in A\}$है। इसे $f(A)$ से भी निरूपित किया जाता है।

उदाहरण 10 मान लीजिए A = {1,2,3}, B = {4,5} तथा f = {(1,4), (1,5), (2,4), (3,5)} क्या f, A से B में एक फलन है?

हल चूँकि f में दो क्रमित युग्म (1,4) और (1,5) में पहला अवयव एक समान है, अतः f, A से B में फलन नहीं है।

उदाहरण 11 मान लीजिए A = {1,2,3}, B = {4,5} और f = {(2,4), (3,5)} हैं। क्या f, A से B में फलन है?

हल f, A से B में एक संबंध है और f का प्रान्त {2, 3} है जो A नहीं है। इसलिए f, A से B में फलन नहीं है। किन्तु f, A′ = {2, 3} से B में फलन है।

उदाहरण 12 मान लीजिए f प्राकृत संख्याओं के समुच्चय **N** पर एक संबंध है, तथा $f = \{(n, 3n) : n \in \mathbf{N}\}$ से परिभाषित है। क्या f, **N** से **N** में फलन है? यदि ऐसा है तो f का परिसर ज्ञात कीजिए।

हल चूँकि प्रत्येक $n \in$ **N** के लिए, एक अद्वितीय $3n \in$ **N** का ऐसा अस्तित्व है कि $(n, 3n) \in f$। इसलिए, f एक फलन है। f का परिसर $\{f(x) : x \in \mathbf{N}\} = \{3n : n \in \mathbf{N}\}$ है।

उदाहरण 13 मान लीजिए $f = \left\{\left(x, \frac{x^2}{1+x^2}\right) : x \in \mathbf{R}\right\}$ **R** से **R** में एक फलन है। f का परिसर ज्ञात कीजिए।

हल स्पष्टतः $f : \mathbf{R} \to \mathbf{R}$ एक फलन है जहाँ $f(x) = \frac{x^2}{1+x^2}$ है। मान लीजिए $y = \frac{x^2}{1+x^2}$ है।

इस प्रकार $x^2 = y\,(1+x^2)$ इसलिए, $x^2\,(1-y) = y$ का अर्थ है कि $x = \pm\sqrt{\frac{y}{1-y}}$ चूँकि $x \in$ **R**,

$\frac{y}{1-y} \geq 0$ और $1 - y \neq 0$ है। इस प्रकार, $y \geq 0, y \neq 1$ और $(1 - y) > 0$ हैं।

इस प्रकार, $0 \leq y < 1$ हैं। इसलिए, f का परिसर $= \{y = f(x) : 0 \leq y < 1\}$

परिभाषा 5 फलन $f : A \to B$ का आलेख $A \times B$ में बिन्दुओं $(a, f(a))$ का समुच्चय है जहाँ $a \in A$.

हम निम्नलिखित उदाहरणों द्वारा फलन के आलेख की संकल्पना प्रस्तुत करते हैं :

उदाहरण 14 $f: \mathbf{R} \to \mathbf{R}$, $f(x) = 2x + 3$ से परिभाषित एक फलन का आलेख खींचिए।

हल $f = \{(x, 2x+3) : x \in \mathbf{R}\}$, $x = -\frac{3}{2}, 0, 1, -3$ के लिए हम क्रमश: $f(x) = 0, 3, 5, -3$ पाते हैं। हम कुछ बिन्दुओं को जैसे $(-\frac{3}{2}, 0)$, $(0,3)$, $(1,5)$, $(-3,-3)$ चिन्हित करते हैं। हम देखते हैं कि ये बिन्दु रेखा $y = 2x + 3$ पर स्थित हैं। इसलिए, f का तल में आलेख आकृति 2.2 में दर्शाया गया है।

आकृति 2.2

ऐसा फलन रैखिक फलन कहलाता है।

उदाहरण 15 $f : \mathbf{R} \to \mathbf{R}$, $f(x) = |x|$ से परिभाषित फलन का आलेख खींचिए।

हल हम जानते हैं कि यह फलन

$$f(x) = \begin{cases} x, x \geq 0 \text{ के लिए} \\ -x, x < 0 \text{ के लिए} \end{cases}$$

द्वारा भी लिखा जा सकता है।

हम देखते हैं कि बिन्दु $(x, f(x))$, $x \geq 0$ के लिए रेखा $y = x$ पर होते हैं और बिन्दु $(x, f(x))$, $x < 0$ के लिए रेखा $y = -x$ पर होते हैं।

f का आलेख आकृति 2.3 में दर्शाया गया है। यह फलन निरपेक्ष मान फलन (absolute value function) कहलाता है।

आकृति 2.3

उदाहरण 16 $f : \mathbf{R} \rightarrow \mathbf{R}, f(x) = [x]$, जहाँ x एक वास्तविक संख्या है, से परिभाषित फलन का ग्राफ खींचिये। प्रतीक $[x]$ का अर्थ x के बराबर या x से कम सबसे बड़ा पूर्णांक है। इस प्रकार, $[2.3] = 2$, $[4.1] = 4$, $[-3.3] = -4$, $[2] = 2$ और $[0.99] = 0$, हैं।

हल फलन के आलेख में $(x,[x])$ के रूप के सभी क्रमित युग्म होंगे। $[x]$ की परिभाषा से, हम देख सकते हैं कि

$-1 \leq x < 0$ के लिए $[x] = -1$

$0 \leq x < 1$ के लिए $[x] = 0$

$1 \leq x < 2$ के लिए $[x] = 1$

$2 \leq x < 3$ के लिए $[x] = 2$ और इसी प्रकार, इत्यादि।

$-3 \leq x < 4$ के लिए $f(x) = [x]$ का आलेख आकृति 2.4 में दिखाया गया है।

आकृति 2.4

ध्यान दीजिए कि गहरे बिन्दु दर्शाते हैं कि बिन्दु सम्मिलत है और वृत दर्शाते हैं कि बिन्दु सम्मिलित नहीं है।

यह फलन $f(x) = [x]$, सबसे बड़ा पुर्णांक फलन कहलाता है।

परिभाषा 6 यदि दो फलन $f: A \rightarrow B$ और $g : A \rightarrow B$ ऐसे हों कि सभी a के लिये $f(a) = g(a)$ है तो ऐसे फलन समान फलन कहलाते हैं। इस स्थिति में, हम $f = g$ लिखते हैं। f और g के समान होने के लिए, यह ध्यान देना होगा कि f और g का प्रान्त एक समान होने चाहिए और प्रान्त के प्रत्येक बिन्दु के लिए f और g का मान एक समान हो।

उदाहरण 17 मान लीजिए $f : \mathbf{R} - \{2\} \to \mathbf{R}$, $f(x) = \dfrac{x^2-4}{x-2}$ द्वारा परिभाषित है और $g : \mathbf{R} \to \mathbf{R}$, $g(x) = x + 2$ से परिभाषित हैं। बताइए कि $f = g$ है या नहीं।

हल चूँकि f का प्रान्त $\mathbf{R} - \{2\}$ और g का प्रान्त $\mathbf{R}$ है। इसलिए $f \neq g$ है। यद्यपि सभी $x \in \mathbf{R} - \{2\}$ के लिए $f(x) = g(x)$ है।

परिभाषा 7 फलन $f : \text{A} \to \text{B}$, आच्छादक (onto) फलन कहलाता है यदि f का परिसर B है। दूसरे शब्दों में, यदि प्रत्येक $b \in \text{B}$ के लिए, कम से कम एक $a \in \text{A}$ का अस्तित्व है ताकि $f(a) = b$, तो f एक आच्छादक फलन है। एक आच्छादक फलन को आच्छादी फलन (surjective function) भी कहते हैं।

मान लीजिए $\text{A} = \{a_1, a_2, a_3\}$, $\text{B} = \{b_1, b_2\}$

तब $f : \text{A} \to \text{B}$ (आकृति 2.5 में प्रदर्शित) एक आच्छादक फलन या आच्छादी फलन है।

आच्छादी फलन

आकृति 2.5

उदाहरण 18 मान लीजिए $\text{A} = \{1,2,3\}$, $\text{B} = \{4,5\}$ तथा $f = \{(1,4), (2,5), (3,5)\}$ है। दिखाइए कि f, A से B में, एक आच्छादक फलन है।

हल चूँकि f का प्रान्त A है और f में कोई दो क्रमित युग्मों के प्रथम घटक एक समान नहीं है, f एक फलन है तथा f का परिसर $\{4,5\}$ है। इसलिए, $f : \text{A} \to \text{B}$, एक आच्छादक फलन है।

उदाहरण 19 मान लीजिए $f : \mathbf{N} \to \mathbf{N}$, $f(x) = 3x$ से परिभाषित है। दिखाइए कि f एक आच्छादक फलन नहीं है।

हल f का परिसर $\{3n : n \in \mathbf{N}\}$ है जो $\mathbf{N}$ नहीं है। इसलिए, f एक आच्छादक फलन नहीं है।

परिभाषा 8 एक फलन $f : \text{A} \to \text{B}$ एकैकी (*one-to-one*) कहलाता है यदि सभी $a_1, a_2 \in \text{A}$ के लिए $f(a_1) = f(a_2)$ से $a_1 = a_2$, प्राप्त हो। विकल्पतः, $f : \text{A} \to \text{B}$ एकैकी है यदि A में $a_1 \neq a_2$ है तब $f(a_1) \neq f(a_2)$ है। एकैकी फलन को एकैक फलन (*injective function*) भी कहते हैं।

मान लीजिए $A = \{a_1, a_2, a_3, a_4\}$, $B = \{b_1, b_2, b_3, b_4, b_5\}$। तब $f : A \to B$ (आकृति 2.6 में प्रदर्शित) एकैकी या एकैक फलन है।

एकैकी फलन

आकृति 2.6

उदाहरण 20 मान लीजिए $f : \mathbf{R} \to \mathbf{R}, f(x) = x^2$ द्वारा परिभाषित है। क्या f एकैकी है ?

हल ध्यान दीजिए कि $1 \neq -1$ जबकि $f(1) = 1 = f(-1)$ है। अतः f एकैकी नहीं है।

तथापि, यदि $f : \mathbf{R}^+ \to \mathbf{R}$, $f(x) = x^2$ द्वारा परिभाषित है तो f एकैकी है क्योंकि $f(x) = f(y)$ से प्राप्त होता है $x^2 = y^2$। इसलिए $x = y$ क्योंकि $x, y \in \mathbf{R}^+$।

उदाहरण 21 मान लीजिए $A = \{1, 2, 3\}$, $B = \{4, 5, 6, 7\}$, और A से B में $f = \{(1, 4), (2, 5), (3, 6)\}$ एक फलन है। दिखाइए कि f, A से B में एकैकी फलन है।

हल यहाँ $f(1) = 4$, $f(2) = 5$, $f(3) = 6$ हैं। इस प्रकार, A के विभिन्न अवयवों का f के अन्तर्गत B में विभिन्न प्रतिबिम्ब हैं। इस प्रकार, f एकैकी फलन है।

परिभाषा 9 एक फलन $f : A \to B$ जो एकैकी और आच्छादक दोनों हैं, एकैकी एंव आच्छादक फलन (*bijective function*) कहलाता है।

मान लीजिए $A = \{a_1, a_2, a_3\}$, $B = \{b_1, b_2, b_3\}$।

मान लीजिए $f : A \to B$ आकृति 2.7 द्वारा परिभाषित है।

एकैकी आच्छादक फलन

आकृति 2.7

तब f एकैकी आच्छादक फलन है।

उदाहरण 22 मान लीजिए $f: \mathbf{Z} \to \mathbf{Z}, f(x) = -x$ द्वारा परिभाषित है। दिखाइए कि f एक एकैकी आच्छादक फलन है।

हल हम देखते हैं कि $f(n) = f(m)$ से $n = m$ प्राप्त है। इस प्रकार, $n = m$ हैं। इसलिए, f एकैकी है। पुनः किसी $n \in \mathbf{Z}$ के लिए $-n \in \mathbf{Z}$ का अस्तित्व है और $f(-n) = n$ है। इस प्रकार, f आच्छादक भी है। अतः f एक एकैकी आच्छादक फलन है।

टिप्पणी मान लीजिए $f: \text{A} \to \text{B}$ एक फलन है और A, B परिमित समुच्चय हैं। तब

(i) यदि f एकैकी है, तब $n(\text{A}) \leq n(\text{B})$ है।

(ii) यदि f आच्छादक है, तब $n(\text{B}) \leq n(\text{A})$ है।

(iii) यदि f एकैकी और आच्छादक दोनों है, तब $n(\text{A}) = n(\text{B})$ है।

परिभाषा 10 यदि $f: \text{A} \to \text{B}$ ऐसा फलन हो ताकि सभी $a \in \text{A}$ के लिए, $f(a) = b$, (b, B का एक निश्चित अवयव है) तब f एक अचर फलन (*constant function*) कहलाता है। अचर फलन का परिसर एकल समुच्चय $\{b\}$ है।

एक अचर फलन को आकृति 2.8 में दर्शाया गया है।

A — B

1, 2, 3 → b (f); c

अचर फलन

आकृति 2.8

परिभाषा 11 यदि $f: \mathrm{A} \to \mathrm{A}$ ऐसा फलन हो ताकि प्रत्येक $a \in \mathrm{A}$ के लिए $f(a) = a$, है तो f तत्समक फलन (*identity function*) कहलाता है। इसे $\mathrm{I_A}$ या सरलतम रूप I से निरूपित किया जाता है। स्पष्टतः तत्समक फलन एकैकी और आच्छादक दोनों है। तत्समक फलन के लिए, प्रान्त, सह प्रान्त और परिसर एक समान हैं।

उदाहरण 23 निम्नांकित में प्रत्येक में बताइए कि कौन सा फलन आच्छादक, एकैकी या एकैकी आच्छादक है। अपने उत्तर का औचित्य भी दीजिए।

(i) $f: \mathbf{R} \to \mathbf{R}$, $f(x) = 3 - 4x$ से परिभाषित है।

(ii) $f: \mathbf{R} \to \mathbf{R}$, $f(x) = 1 + x^2$ से परिभाषित है।

(iii) $f: \mathbf{N} \to \mathbf{N}$, $f(n) = \begin{cases} \dfrac{n+1}{2}, & \text{यदि } n \text{ विषम है।} \\ \dfrac{n}{2}, & \text{यदि } n \text{ सम है।} \end{cases}$

से परिभाषित है।

हल (i) हम देखते हैं कि $f(x) = f(y)$ से $3 - 4x = 3 - 4y$ प्राप्त होता है। इस प्रकार, $x = y$ है। इसलिए, f एकैकी है। दिया है कि $y \in \mathbf{R}$, $\dfrac{3-y}{4} \in \mathbf{R}$ इस प्रकार हैं कि $f\left(\dfrac{3-y}{4}\right) = 3 - 4\left(\dfrac{3-y}{4}\right) = y$ है। इस प्रकार, f आच्छादक है। अतः f एक एकैकी आच्छादक फलन है।

(ii) $1, -1 \in \mathbf{R}$ लीजिए। प्रत्यक्षतः $1 \neq -1$, लेकिन $f(1) = f(-1) = 2$ है। इस प्रकार f एकैकी नहीं है। यदि f आच्छादक है, तो $0 \in \mathbf{R}$ का अर्थ है कि $x \in \mathbf{R}$ का एक ऐसा अस्तित्व हो ताकि $f(x) = 0$ है। इस प्रकार, $1 + x^2 = 0$ प्राप्त होता है इसलिए $x^2 = -1$, $x \in \mathbf{R}$, जो कि सत्य नहीं है। अतः f आच्छादक नहीं है।

(iii) $3,4 \in \mathbf{N}$ लीजिए। प्रत्यक्षतः $3 \neq 4$, लेकिन $f(3) = f(4) = 2$ है। इस प्रकार, f एकैकी नहीं है। इसलिए f एकैकी आच्छादक नहीं है। ध्यान दीजिए $f(1) = 1, f(3) = 2, \ldots, f(2n-1) = n$ इत्यादि। इसलिए, f का परिसर $\mathbf{N}$ है। अतः f आच्छादक है।

प्रश्नावली 2.3

1. निम्नांकित संबंधों में से कौन फलन हैं? कारण बताइये। यदि यह एक फलन है तो इसका प्रान्त तथा परिसर बताइए।

(i) $\{(2,1), (5,1), (8,1), (11,1), (14,1), (17,1)\}$

(ii) $\{(2,1), (4,2), (6,3), (8,4), (10,5), (12,6), (14,7)\}$

(iii) $\{(0,0), (1,1), (1,-1), (4,2), (4,-2), (9,3), (9,-3), (16,4), (16,-4)\}$

